हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, गुरुवार 12 सितंबर 2024

तापमान
अधिकतम 30.8 डिग्री
न्यूनतम 25.3 डिग्री

# सरकारी डेंटल कॉलेज पैक, निजी की 51 सीटें खाली, अब होगा नया पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दो नियमित और मॉपअप तथा स्ट्रे राउंड के बाद एकमात्र शासकीय डेंटल कालेज के एमडीएस विषय में एडमिशन पूरा हो गया है, मगर निजी कालेजों की 51 सीट अटकी हुई है। इन पर प्रवेश पूरा करने के लिए गुरु और शुक्रवार को नया पंजीयन कराने का मौका दिया गया है। राज्य में डेंटल के स्नातकोत्तर विषयों में प्रवेश की प्रक्रिया अंतिम दौर में चल रही है। मेडिकल कालेजों के एमडी-एमएस सीटों में एडमिशन के लिए अभी तारीख तय नहीं हुई है। राज्य में एमडीएस की 138 सीटें थीं, जिसमें से शासकीय कालेज की राज्य कोटे की 13 सीटों पर प्रवेश पूरा हो चुका है, मगर निजी कालेजों में स्वीकृत मैनेजमेंट और राज्य कोटे की 51 सीट अभी भी खाली है। दो राउंड की नियमित काउंसिलिंग के बाद 79 सीट खाली थी, जिसके लिए पहला स्ट्रे राउंड पूरा हुआ और 28 सीटों पर प्रवेश पूरा हुआ था। इसके बाद खाली बची 51 सीटों के लिए निजी कालेजों के निवेदन पर काउंसिलिंग कमेटी फिर से पंजीयन की शुरुआत करने जा रही है। गुरुवार और शुक्रवार को बीडीएस की पढ़ाई के बाद निजी डेंटल कालेजों में पीजी करने के इच्छुक विद्यार्थी अपना नया पंजीयन करा सकेंगे। पंजीयन के आधार पर आवंटन सूची जारी कर एडमिशन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

अलग खबर

## चार राउंड की काउंसिलिंग के बाद नया पंजीयन आज और कल

### एमडी-एमएस की 460 सीट

राज्य के शासकीय और निजी मिलाकर नौ मेडिकल कालेज में एमडीएमएस की 460 सीटें हैं। इनमें एडमिशन के लिए नीट की परीक्षा के परिणाम घोषित किए जा चुके हैं, मगर एडमिशन का शेड्यूल अभी नहीं आया है। राज्य में रायपुर के शासकीय मेडिकल कालेज में सबसे ज्यादा 150 सीटें हैं।



### *दूसरे राउंड के लिए संस्था चयन जारी*

*इधर एमबीबीएस और बीडीएस की सीटों में प्रवेश के लिए दूसरे राउंड की काउंसिलिंग के लिए संस्था चयन की प्रक्रिया पूरी की जा रही है, जो 18 सितंबर तक चलेगी। नियम के मुताबिक छात्र को दूसरे राउंड की काउंसिलिंग में शामिल होने की सहमति देने के बाद फैसला वापस नहीं ले पाएगा। दूसरे राउंड में सीट आवंटन होने के बाद पहले दौर की प्रवेशित सीट स्वतः रद्द हो जाएगी।*

## प्रदेश में सीजन का कोटा पूरा पर कई जिलों में संकट बरकरार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जोरदार तरीके से हुई बारिश के प्रभाव से राज्य में औसत बारिश का कोटा पूरा हो गया है, मगर दुर्ग सहित पांच जिलों में अल्प वर्षा का संकट बना हुआ है। सितंबर बीतने तक जोरदार बारिश के दो दौर की आवश्यकता महसूस की जा रही है। आज दिनभर बादल छाए रहने से उमस भरी गर्मी से राहत दिलाई। मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों का कहना ▶▶|शेष पेज 13 पर

- दिनभर छाए रहे बादल, उमसभरी गर्मी से राहत

## महिला इंजीनियर के साथ 88 लाख की ठगी, आरोपी चेन्नई से गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

तेलीबांधा थाना क्षेत्र में महिला इंजीनियर के साथ 88 लाख रुपए ठगी करने के आरोप में रेंज साइबर थाना की पुलिस ने जालसाज गिरोह के एक ठग को चेन्नई से गिरफ्तार किया है। पुलिस गिरफ्त में आए जालसाज के खिलाफ कर्नाटका में भी ठगी ▶▶|शेष पेज 13 पर

### सीए से एक करोड़ 39 लाख की ठगी

एक अन्य मामले में तेलीबांधा थाना में जीवन विहार कालोनी निवासी पेशे से सीए नवीन कुमार सिंह ने शेयर ट्रेडिंग के नाम पर अज्ञात लोगों के खिलाफ एक करोड़ 39 लाख रुपए ठगी करने की शिकायत दर्ज कराई है। जालसाजों ने सीए को जुलाई से अगस्त के बीच ठगी का शिकार ▶▶|शेष पेज 13 पर

### ठगी करने शेयर ट्रेडिंग को बनाया नया पैटर्न

साइबर पुलिस के मुताबिक जालसाज ठगी करने शेयर ट्रेडिंग में लाभ देने का झांसा देकर ठगी करने का इन दिनों पैटर्न चला रहे हैं। जालसाज लोगों को झांसे में लेने के लिए प्रोफेसनल अंदाज में बात करते हैं। साथ ही अपने गिरोह द्वारा बनाए गए वाट्सएप ग्रुप में अपने शिकार को जोड़कर लाभ पाने वालों का रीव्यू दिखाते हैं।

REGISTRATION OPEN
PHARMACY
D.PHARMA-B.PHARMA
M.PHARMA
NURSING
B.SC./POST BASIC/
M.SC.NURSING, GNM
SHRI RAWATPURA SARKAR GROUP OF INSTITUTIONS
7222910430/41

श्री शंकराचार्य कॉलेज ऑफ नर्सिंग
हुडको, भिलाई (छ.ग.)
(2005 से संचालित)
नर्सिंग
B.Sc(N)
M.Sc.(N) P.B.B.Sc.(N)
7489713804, 7869513804
For Online Admission
Visit : www.sscnbhilai.com

## खाद्य विभाग की टीम ने की बड़ी कार्रवाई, गोदाम में काम कर रहे तीन लोग भाग निकले

# किराए के गोदाम में रीफिलिंग का चल रहा था काला धंधा, छापे में मिले 100 से ज्यादा सिलेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर में गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी और अवैध रूप से सिलेंडरों की रीफिलिंग का गोरख धंधा जोर-शोर से पनप रहा है। मोवा क्षेत्र में ऐसा ही एक गोरख धंधे का खाद्य विभाग की टीम ने भंडाफोड़ किया है। विभाग के अफसर को बुधवार सुबह शिकायत मिली कि मोवा के अमन नगर में कुछ लोग एक गोदाम में गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी एवं अवैध रूप से रीफिलिंग करने का धंधा कर रहे हैं। इस सूचना पर ▶▶|शेष पेज 13 पर

खास खबर





### *5 एवं 14 किलोग्राम के सिलेंडर बरामद*

*टीम ने गोदाम से अलग-अलग कंपनियों के सिलेंडर जब्त किए हैं। इनमें 14 किलोग्राम क्षमता के घरेलू गैस सिलेण्डरों में एचपी के 8, इण्डेन के 4, भारत के 4 बरामद किया है। इसी प्रकार 5 किलोग्राम क्षमता के 78 गैस सिलेण्डर एवं 4 रिलायंस कम्पनी के एक्सपायरी व्यावसायिक गैस सिलेण्डर भी जब्त किए हैं। इसके साथ हथौड़ा, पाना-पेंचिस 2, रेग्यूलेटर 20, बांसुरी (पीतल की) 3 जब्त की है।*



### *घरेलू गैस सिलेंडरों से रीफिलिंग*

*गोदाम में 14 किलोग्राम के घरेलू गैस सिलेंडरों से 5 किलोग्राम के छोटे सिलेंडरों में रीफिलिंग किए जाने का काम किया जा रहा था। छापेमारी के दौरान गोदाम से छोटे सिलेंडरों को घरेलू गैस सिलेंडरों से रीफिलिंग किए जाते कुछ सिलेंडर भी मिले हैं। विभाग के अधिकारी इसे लेकर आशंका जता रहे हैं कि आरोपियों द्वारा घरेलू गैस की कालाबाजारी भी की जा रही है।*

### आरोपी किराएदारों का पता लगा रहे

शिकायत पर छापा मारा। 100 से ज्यादा छोटे-बड़े सिलेंडर जब्त किए। कार्रवाई के दौरान पुलिस विलंब से पहुंची, इसलिए मौके का फायदा उठाकर आरोपी फरार हो गए। गोदाम को किराए पर किन लोगों को दिया गया था, इसका पता लगाया जा रहा है।
- **भूपेंद्र मिश्रा,** जिला खाद्य नियंत्रक रायपुर

### *अधिकारियों की सूचना के एक घंटे बाद पहुंची पुलिस*

*विभागीय अधिकारियों ने बताया कि छापा मारने के तत्काल बाद इसकी सूचना संबंधित थाना क्षेत्र को दे दी थी, लेकिन इस सूचना के करीब एक घंटे बाद पुलिस मौके पर पहुंची। इसका फायदा उठाकर गोदाम में मौजूद तीनों आरोपी फरार हो* ▶▶|शेष पेज 13 पर

FAYDE KE 20 DIN
2nd SEP - 22nd SEP
RATHI'S BUILD MART
नींव से निर्माण तक®
BATH FITT. | TILES | PLYWOOD | HARDWARE
SANITARY | STONES | LAMINATE | KITCHEN ACCE.
WELLNESS | MOSAICS | VEENER | DECO. PANELS
WINDOW | QUARTZ | LOUVERS | WOOD. FLOOR
Limited Time.
Unlimited Fayde!
Discounts on all product range
Get discount vouchers for next purchase
Upto 70% OFF On selected products
AND MANY MORE...
KOHLER. | Nexion ITALIAN STYLE THAT INSPIRES
hansgrohe | icon WORLD OF TILE
fima CARLO FRATTINI | FlexStone
Oyster | haique Quartz | Marble | Terrazo
HÄFELE | SABURI PLYWOOD
OFFERS NOW LIVE AT:
RAIPUR Dhamtari Road, Devpuri 851 8882010
BILASPUR Vyapar Vihar Chowk 8518882030
JAGDALPUR Chitrakote Road 8518882020
SUNDAY OPEN

## खबर संक्षेप



### केंद्रीय मंत्री ने विभाग के ओएसडी को दिए निर्देश

**रायपुर।** आवासन एवं शहरी कार्य राज्यमंत्री तोखन साहू ने बुधवार को निर्माण भवन, नई दिल्ली में हुई बैठक में आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय के ओएसडी जयदीप कुमार को छत्तीसगढ़ राज्य में मास रैपिड ट्रांजिट कॉरिडोर विकसित करने की संभावना तलाशने के निर्देश दिये। बैठक के दौरान मंत्री ने मेट्रो, मोनोरेल, रैपिड रेल और केबल कारों सहित विभिन्न परिवहन विकल्पों का पता लगाने की आवश्यकता पर जोर दिया। इसका उद्देश्य छत्तीसगढ़ के तीन प्रमुख औद्योगिक शहरों दुर्ग, भिलाई और रायपुर के बीच कनेक्टिविटी बढ़ाना है।

### बायो डीजल बिना अनुमति बेचने पर होगी कड़ी कार्रवाई

**रायपुर।** बायो डीजल की बिक्री करने के लिए खाद्य विभाग से अनुमति लेना अनिवार्य है। बिना अनुमति के बायोडीजल बेचने वाले के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई होगी। इस संबंध में कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने खाद्य विभाग को बायोडीजल के व्यापारियों से नियमों का कड़ाई से पालन कराने के निर्देश दिए हैं। बायोडीजल के अवैध व्यापार और गड़बड़ी को रोकने के लिए खाद्य विभाग ने मानक प्रक्रिया संहिता जारी की है। इसके तहत जिले में वर्तमान में संचालित जैव-डीजल खुदरा बिक्री केंद्रों की विभाग द्वारा जारी मानक प्रक्रिया सहित जांच की जाएगी।

### कांग्रेस के आब्जर्वरों को दिल्ली में दिया गया प्रशिक्षण

**रायपुर।** राज्यों में विधानसभा चुनाव के लिए बनाए गए आब्जर्वरों के लिए दिल्ली में एआईसीसी मुख्यालय में प्रशिक्षण का आयोजन किया गया था। छत्तीसगढ़ राज्य से झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए पूर्व राज्यसभा सदस्य छाया वर्मा को आब्जर्वर नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए भंडारा-गोंदिया लोकसभा क्षेत्र के लिए पूर्व मंत्री शिव डहरिया को आब्जर्वर नियुक्त किया गया है।

### सीमेंट की बढ़ी कीमतों को वापस लें

**रायपुर।** जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के मुख्य प्रवक्ता अधिवक्ता भगवानू नायक ने सीमेंट की कीमतों में वृद्धि किए जाने पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा, सरकार को इस संबध में तत्काल सीमेंट फैक्ट्रियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करते हुए बढ़ी हुई दर को वापस करवाकर आम जनता को आर्थिक बोझ से बचाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, सीमेंट कम्पनियों द्वारा किसे लाभ पहुंचाने के लिए कीमतों में एकाएक वृद्धि कर छत्तीसगढ़ की जनता को महंगाई के बोझ में दबाना चाहती है।

### जनदर्शन आज स्थगित

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का हर सप्ताह गुरुवार को होने वाला जनदर्शन इस गुरूवार 12 सितंबर को अपरिहार्य कारणों से नहीं होगा।

### पत्थलगांव को नगर पालिका बनाने की अधिसूचना जारी

**रायपुर।** जशपुर जिले के नगर पंचायत पत्थलगांव को नगर पालिका बनाने के लिए अधिसूचना जारी कर दी गई है। अधिसूचना के प्रकाशन के साथ ही पत्थलगांव को नगर पालिका बनाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। जारी अधिसूचना के तहत नगर पंचायत पत्थलगांव की सीमाएं ही नगर पालिका की सीमा होगी। इस संबंध में लोगों से 21 दिनों तक इस संबंध में दावा-आपत्ति मांगी गई है।

### सीएचसी में उपलब्ध कराई गई शुगर नापने की मशीन

**रायपुर।** कलेक्टोरेट जनसमस्या निवारण कॉल सेंटर में अब प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में शुगर और बीपी की मशीन खराब होने की भी शिकायतें आने लगी है। बिरगांव नगर निगम के वार्ड क्रमांक 16 सिलतरा निवासी रूकमणि साहू ने धरसींवा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में शुगर और बीपी की मशीन खराब होने की शिकायत की थी। उनका कहना था कि मशीन खराब होने से आने मरीजों के उपचार में परेशानी आ रही है। इसको लेकर उन्होंने संबंधित विभाग में भी शिकायत की थी, लेकिन इसका निराकरण नहीं होने पर उन्होंने कलेक्टोरेट के जन समस्या निवारण कॉल सेंटर में शिकायत की है।

# 45 करोड़ की लागत से बनेंगे अटल परिसर, सभी निगम, पालिका, नगर पंचायत में लगेगी अटल जी की मूर्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के सभी नगरीय निकायों में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की मूर्ति स्थापित की जाएगी। इस काम के लिए सरकार ने प्रदेश के सभी 183 नगरीय निकायों के लिए 45 करोड़ 50 लाख रुपयों की मंजूरी दे दी है। खास बात ये है कि इस संबंध में उप मुख्यमंत्री और नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने विधानसभा में घोषणा की थी, लेकिन उस समय सभी निकायों में अटल चौक बनाने की बात कही थी, अब इसे अटल परिसर का नाम दिया गया है।

नगरयी प्रशासन एवं विकास विभाग ने इस संबंध में प्रदेश के सभी निगम आयुक्त, पालिकाओं और नगर पंचायतों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को आदेश जारी किया है। आदेश में कहा गया है कि अटल परिसर बनाने के लिए निगम को 50 लाख, पालिका परिषद को 30 लाख और नगर पंचायत को 20 लाख रुपए अधोसंरचना मद के अंतर्गत देने की प्राविधिक स्वीकृति प्रदान की गई है।

**विधानसभा में उप मुख्यमंत्री साव ने की थी घोषणा**



### निगम को 50, पालिका को 30 नगर पंचायत को 20 लाख

*पूर्व प्रधानमंत्री की मूर्ति स्थापित करने के लिए राज्य के 14 नगर निगमों में सभी को 50 लाख, नगर पालिका 47 को 30-30 लाख, नगर पंचायत 122 को 20-20 लाख रुपए दिए जाएंगे। प्रदेश में निकायों की कुल संख्या 183 है। इन्हें कुल मिलाकर 45 करोड़ 50 लाख रुपए देने की मंजूरी मिली है।*

### जारी हुआ ये निर्देश

संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास ने अटल परिसर निर्माण के संबंध में निकायों को निर्देश दिए हैं। निकायों से कहा गया है कि विभाग द्वारा प्रस्तावित अटल चौक का नामकरण अटल परिसर के नाम से किया जाए। स्व. श्री वाजपेयी की मूर्ति धातु की ही बने ये सुनिश्चित किया जाए। मूर्ति की स्थापना निकाय क्षेत्र के ही किसी मुख्य उद्यान, मुख्य स्थान या मुख्य मार्ग के किनारे स्थापित किया जाए।

**सड़क, नाली निर्माण, पाइप लाइन विस्तार कार्य को मिलेगी गति**

# 2 वार्डों में 1 करोड़ 10 लाख के निर्माण कार्यों की मंजूरी, होंगे थोक में काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पूर्व कैबिनेट मंत्री और रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने बुधवार को पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के वीर सावरकर वार्ड एवं नेताजी कन्हैयालाल बाजारी वार्ड में 1 करोड़ 10 लाख के विकास कार्यों की सौगात दी।

विधायक राजेश मूणत ने बताया कि वे जनभावना के अनुरूप मांग के आधार पर आवश्यक निर्माण कार्यों के लिए राशि स्वीकृत कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि वीर सावरकर वार्ड और कन्हैया लाल बाजारी वार्ड में उन्होंने बुधवार को एक करोड़ 10 लाख रुपए के विकास कार्यों को स्वीकृति दी है। उन्होंने कहा कि वह प्रतिदिन अलग-अलग वार्डों में विकास कार्य स्वीकृत कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि रायपुर पश्चिम के विभिन्न वार्डों में सुविधाओं के विस्तार के लिए वहां के नागरिकों से चर्चा कर रहे हैं। इसके अलावा उनके कार्यालय आने वाले आवेदनों को भी देख रहे हैं। इसी आधार पर वह अपने दायित्व का निर्वहन करते हुए जनता की सेवा में जुटे हुए हैं।



### एक नजर स्वीकृत कार्य और संबंधित जगह पर

- हीरापुर टेंगना तालाब से खपरा भट्ठी नंदनवन मार्ग नाली निर्माण
- हीरापुर गुरुद्वारा से आरडीए कॉलोनी होते हुए रिंग रोड नंबर 2 तक नाली निर्माण
- जरवाय में सामुदायिक भवन से नंदनवन मार्ग और तेंदुआ मार्ग नहर तक सीसी रोड व नाली निर्माण
- अटारी में नाली निर्माण 10 लाख
- अटारी बस्ती में कंक्रीटकरण 8 लाख

### नेताजी कन्हैयालाल बाजारी वार्ड में स्वीकृत कार्य

- मच्छी तालाब क्षेत्र में सीसी रोड नाली एवं पाइपलाइन विस्तार कार्य 25 लाख
- मच्छी तालाब तुलसी सेन के घर के पास नाली निर्माण 8 लाख
- गुड मॉर्निंग प्रोविजन के पीछे कंक्रीट सड़क निर्माण 8 लाख
- झंडा चौक राम मंदिर होते हुए बालाजी चौक तक नाली निर्माण कार्य

इसके अलावा जिला खनिज संस्थान न्यास निधि मद से शासकीय प्राथमिक शाला अटारी में बाथरूम निर्माण कार्य करने भूमिपूजन किया गया।

### भूमिपूजन में ये रहे उपस्थित

जोन 8 के 2 वार्डो में विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण कार्यक्रम में वार्ड पार्षद कमलेश वर्मा, सुनील चंद्राकर, पूर्व पार्षद ओंकार बैस, मनीष ध्रुव, सामाजिक कार्यकर्ता विशाल पांडेय, भूपेंद्र ठाकुर, जोन कमिश्नर एके हालदार, कार्यपालन अभियंता अभिषेक गुप्ता, गणमान्य जन व सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### हीरापुर फ्लाई ओव्हर कार्य जल्द होगा प्रारंभ

*श्री मूणत ने वार्डवासियों को बताया कि उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने हीरापुर फ्लाई ओव्हर बनाने की स्वीकृति दे दी है, शीघ्र ही यह कार्य प्रारंभ हो जायेगा। इससे दुर्घटनाओं पर रोक लगेगी। नागरिकों को यातायात में काफी राहत मिलेगी। विधायक राजेश मूणत ने कहा कि राज्य में जब से विष्णुदेव साय की सरकार बनी है, तब से सभी जगह सांय-सांय कार्य हो रहे हैं। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार आने के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अगवाई में सुशासन वापस पटरी पर लौट आया है। सत्ता पक्ष का विधायक होने के कारण मैं भी सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों के क्रियान्वयन में अपनी ऊर्जा लगा रहा हूं। इस कार्य में भाजपा कार्यकर्ताओं और आमजनता का भरपूर सहयोग मिल रहा है।*

# तहसीलदार पर कमिश्नर की गिरी गाज, सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



धमतरी जिले के एक तहसीलदार को विभागीय काम में लापरवाही करना और सक्षम अधिकारी से अनुमति लिए बिना तहसील मुख्यालय से बाहर रहना भारी पड़ा। संभाग कमिश्नर महादेव कावरे ने इस शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जिला कलेक्टर को इस मामले की जांच कर प्रतिवेदन देने के निर्देश दिए थे। कलेक्टर के प्रतिविदेन में शिकायत सही पाई गई, जिसके बाद कमिश्नर ने तहसीलदार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

**प्रकरणों को लंबित रखकर लोगों को परेशान करने की भी शिकायत**

जिले के बेलरगांव तहसीलदार अनुज पटेल के खिलाफ कुछ लोगों ने संभाग कमिश्नर से शिकायत की गई थी। इस शिकायत में बताया गया था कि तहसीलदार ज्यादातर बिना अनुमति या सक्षम स्वीकृति के मुख्यालय से बाहर रहते हैं और अपने काम में भी लापरवाही बरतते हैं। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया था कि प्रकरणों को बिना कारण के लंबित रखा जाता है, जिसके कारण लोगों को भी परेशान होना पड़ता है। कमिश्नर ने तहसीलदार के खिलाफ मिली इस शिकायत कीर तत्काल जांच कराने के लिए जिला कलेक्टर को निर्देश दिए थे। इस निर्देश के पालन करते हुए कलेक्टर ने इसकी जांच कराई। इस जांच में शिकायतें सही पाई गईं। कलेक्टर द्वारा कराई गई जांच का प्रतिवेदन मिलते ही कमिश्नर ने तहसीलदार अनुज पटेल को तत्काल निलंबित कर दिया है। छत्तीसगढ़ सिविल सेवा नियम 1966 के प्रावधानों के तहत उन्हें निलंबित किया गया है।

### आरोपों, गवाहों एवं दस्तावेजों की सूची मांगी

कमिश्नर ने निलंबन की कार्रवाई करने के साथ कलेक्टर को तहसीलदार के विरुद्ध लगाए गए आरोपों का विवरण, गवाहों की सूची, लंबित प्रकरणों एवं दस्तावेजों की सूची तैयार करने के भी निर्देश दिए हैं। इसकी रिपोर्ट एक सप्ताह के भीतर संभाग कार्यालय को उपलब्ध कराने के लिए कहा गया है।
ज्ञात हो कि कमिश्नर इससे पूर्व रायपुर तहसील कार्यालय के एसडीएम सहित एक तहसीलदार को प्रकरणों को समय सीमा पर निराकरण नहीं कर लंबित रखने के मामले में कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। सूत्रों के अनुसार इस नोटिस का एसडीएम और तहसीलदार द्वारा जवाब भी भेजा गया है। यह जवाब संतोषजनक है या नहीं, इसे देखने के बाद ही कमिश्नर इस मामले में निर्णय लेंगे।

# पीएम मोदी 16 को अहमदाबाद में एक लाख कार्यकर्ताओं को करेंगे संबोधित शामिल हो सकते हैं सीएम साय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रधानमंत्री के रूप में जून में तीसरी बार सत्ता संभालने के बाद नरेन्द्र मोदी अपने पहले गुजरात दौरे के दौरान 16 सितंबर को अहमदाबाद में एक कार्यक्रम में लगभग एक लाख भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। इसके माध्यम से भाजपा संगठन की ताकत का प्रदर्शन करेंगे और देश को एक संदेश देंगे। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल हो सकते हैं। हालांकि उनका अहमदाबाद जाने का अभी कार्यक्रम नहीं बना है।





बताया गया है कि प्रधानमंत्री मोदी 15 और 16 सितंबर को गुजरात दौरे पर होंगे। पहले दिन वह पालनपुर जिले के डीसा शहर में एक कार्यक्रम में शामिल होंगे। दूसरे दिन वह गांधीनगर में महात्मा मंदिर कन्वेंशन सेंटर में एक सरकारी कार्यक्रम और मेट्रो सेवा से संबंधित एक कार्यक्रम में शामिल होंगे। हालांकि, अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है, लेकिन सूत्रों ने कहा कि प्रधानमंत्री पहले महात्मा मंदिर में 16 सितंबर को वैश्विक नवीकरणीय ऊर्जा निवेशक सम्मेलन एवं प्रदर्शनी (री-इन्वेस्ट) के चौथे संस्करण का उद्घाटन करेंगे और फिर अहमदाबाद को गांधीनगर से जोड़ने वाली मेट्रो ट्रेन सेवा के दूसरे चरण का उद्घाटन करेंगे। 16 सितंबर की शाम को, एक लाख भाजपा कार्यकर्ता शहर के जीएमडीसी मैदान में प्रधानमंत्री मोदी के स्वागत के लिए एकत्र होंगे जो तीसरी बार सत्ता संभालने के बाद पहली बार अपने गृह राज्य गुजरात का दौरा करेंगे।



# दिलीप रविवि कर्मचारी संघ के नए अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि में कर्मचारी संघ के चुनाव बुधवार को संपन्न हुए। दिलीप धृतलहरे को नया अध्यक्ष चुना गया है। सात पदों के लिए ये मतदान हुए थे। चुने अन्य अन्य पदाधिकारियों में उपाध्यक्ष तृतीय वर्ग विवेक शर्मा, चतुर्थ वर्ग ललित देवांगन, सचिव संदीप, सह सचिव तृतीय वर्ग संतोष डहरे, सह सचिव चतुर्थ वर्ग विजय ध्रुव, कोषाध्यक्ष पुष्कर दीवान के नाम शामिल हैं। इसके अलावा पांच सदस्यी कार्यकारिणी भी गठित की गई है। बुधवार देर रात तक मतगणना चलती रही। इसके बाद परिणामों की घोषणा की गई। चुने गए पदाधिकारियों का कार्यकाल दो वर्षों का होगा। मतदान के लिए योग्य रविवि के 260 कर्मचारियों में से 254 ने अपने मत का प्रयोग किया। विश्वविद्यालय में चुनाव प्रक्रिया माहभर पूर्व प्रारंभ की गई थी। चुनाव प्रचार सहित अन्य प्रक्रियाएं भी इस दौरान जारी रही। नामांकन भरे जाने के बाद कई ने अपने नाम वापस भी लिए थे। सभी विभाग के कर्मचारियों ने इसमें हिस्सा लिया।

# संगठन की मजबूती व नवीनता के लिए अधिक से अधिक सदस्य बनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



भाजपा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में भाजपा सदस्यता अभियान समिति की बैठक में क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल ने कहा, संगठन की मजबूती और नवीनता के लिए अधिक से अधिक सदस्य बनाने का प्रण लेना होगा। यह भाजपा संगठन का महापर्व है, जिसमें सबकी सहभागिता जरूरी है। केंद्रीय संगठन ने जो लक्ष्य राज्य के लिए तय किया है, उसे पूरा करने के लिए आप सभी को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचकर सदस्यता अभियान को व्यापक रूप देना होगा।

प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने कहा, जब से सदस्यता अभियान की शुरुआत हुई है, तब से ही प्रदेश में लगातार सदस्य बनने की प्रक्रिया बेहतर है। अभी तक के करीब 7 लाख हमारे सदस्य बन गए हैं। इस संख्या को लक्ष्य तक ले जाने के लिए सभी को तत्परता से जुटना होगा। जिलेवार जो लक्ष्य निर्धारित किया गया है, उसे पूरा करने में सभी मोर्चे-प्रकोष्ठ के सभी पदाधिकारी जुट जाएं। कार्यक्रम का संचालन जगन्नाथ पाणिग्रही ने किया। आभार पूर्व विधायक सौरभ सिंह ने किया। बैठक में महामंत्री संजय श्रीवास्तव, रामू रोहरा, भरत वर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा, सरला कोसरिया, लक्ष्मी वर्मा, प्रदेश मंत्री किशोर महानंद, कोषाध्यक्ष नन्दन जैन, वरिष्ठ भाजपा नेता खूबचंद पारख,पूर्व विधायक नवीन मार्कण्डेय, कमल गर्ग सहित सदस्यता अभियान टोली के पदाधिकारी मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री साय ने दी वन शहीदों को श्रद्धांजलि

*रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राष्ट्रीय वन शहीद दिवस पर वन शहीदों को श्रद्धांजलि दी। राजीव स्मृति वन में आयोजित कार्यक्रम में वन शहीद स्मारक का अनावरण भी किया गया। इस दौरान वन शहीदों को दो मिनट का मौन रखकर नमन किया गया। मुख्यमंत्री साय ने इस अवसर पर कहा कि आज भावनाओं से भरा दिन है। हम उन वीर शहीदों का स्मरण कर रहे है जिन्होंने जंगलों, प्राकृतिक संसाधनों और वन्य जीवों की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति दी। इस अवसर मुख्यमंत्री, वन मंत्री और राजस्व मंत्री ने अपने पिता की स्मृति में पौधा रोपण भी किया। बुधवार को राजधानी रायपुर के राजीव स्मृति वन में 20वां राष्ट्रीय वन शहीद दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वन मंत्री केदार कश्यप, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, विधायक पुरंदर मिश्रा, वन बल प्रमुख व्ही श्रीनिवास राव, अखिल भारतीय वन अधिकारी महासंघ के अध्यक्ष सतीश मिश्रा, चेयरमैन दिग्विजय सिंह सहित विभिन्न राज्यों से आए पदाधिकारी और बड़ी संख्या में वनकर्मी मौजूद रहे।*



# छत्तीसगढ़ में सीमेंट की बढ़ती कीमतों के खिलाफ आज कांग्रेस का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में सीमेंट की कीमतों में वृद्धि को लेकर कांग्रेस ने साय सरकार पर हमला बोला है। प्रदेश सरकार की ओर से सीमेंट के दामों में जो बढ़ोतरी की गई है, उसको लेकर 12 सितंबर को प्रदेश के सभी जिला मुख्यालय में प्रदर्शन किया जाएगा।

गांधी मैदान स्थित कांग्रेस भवन में संवाददाताओं से कांग्रेस के पूर्व विधायक धनेंद्र साहू ने कहा, छत्तीसगढ़ की सभी सीमेंट कंपनियों ने सीमेंट की प्रति बोरी के दाम में 50 रुपये तक का इजाफा किया है। बढ़े हुए दामों को सरकार को वापस लेना चाहिए। प्रदेश में पहली बार सीमेंट के दाम में प्रति बोरी 50 रुपए की वृद्धि की गई है। सारे संसाधन जब छत्तीसगढ़ में मौजूद हैं, जिसकी वजह से बड़े पैमाने पर छत्तीसगढ़ में सीमेंट की फैक्ट्री है। यहां पर बड़े पैमाने पर सीमेंट उत्पादन हो रहा है। सीमेंट बनाने से संबंधित सभी कच्चा माल छत्तीसगढ़ में ही उपलब्ध है। बावजूद इसके सीमेंट के दाम बढ़ा दिए गए। पिछले 9 महीने की छत्तीसगढ़ की सरकार विष्णु सरकार न होकर कंस की सरकार हो गई है। छत्तीसगढ़ के खनिज को लूटा जा रहा है।




### मुरुम का हो रहा अवैध परिवहन

उन्होंने कहा, सीमेंट का दाम बढ़ने का कारण प्रदेश सरकार का भ्रष्टाचार और कमीशन खोरी भी हो सकता है। बड़े-बड़े रेत माफिया शासन के संरक्षण में काम कर रहे हैं। बारिश के मौसम में भी रेत माफिया नदी के अंदर से रेत परिवहन कर रहे हैं, इसके साथ ही गांव-गांव में बिना अनुमति के तालाब सौंदर्यीकरण के नाम पर मुरुम का अवैध परिवहन किया जा रहा है।

**निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची तैयार करने कार्यक्रम किया जारी**

# नगरीय निकाय चुनाव दिसंबर में और पंचायत का जनवरी तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निकायों और त्रिस्तरीय पंचायतों के चुनाव के लिए मतदाता सूची बनाने की प्रक्रिया दो चरणों में पूरी होगी। राज्य निर्वाचन आयोग ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। पहले चरण में 18 सितंबर तक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी व सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों की नियुक्ति होगी। प्रारंभिक प्रारूप निर्वाचक नामावली तैयार करने के लिए कर्मचारियों की नियुक्ति की जाएगी।




दूसरे चरण में निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन होगा और दावे तथा आपत्तियां ली जाएंगी। राजनैतिक दलों को 16 अक्टूबर तक मतदाता सूची उपलब्ध कराई जाएगी। इसके आधार पर यह अनुमान लगाया जा रहा है कि इस वर्ष दिसंबर या अगले वर्ष जनवरी में चुनाव कराए जा सकते हैं। राज्य निर्वाचन आयोग ने सभी जिलों के उप जिला निर्वाचन अधिकारियों को मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण दिया। आयोग द्वारा सभी उप जिला निर्वाचन अधिकारियों को मतदाता सूची शुद्ध एवं निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। मतदाता सूची तैयार करने के लिए रजिस्ट्रीकरण अधिकारी या प्राधिकृत कर्मचारियों का प्रशिक्षण एवं भारत निर्वाचन आयोग में तैयार विधानसभा की मतदाता सूची 20 सितंबर तक ली जाएगी। 21 सितंबर तक विधानसभा की मतदाता सूची स्थानीय निकायवार अलग कर रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को दी जाएगी। इसके बाद 27 सितंबर तक प्रचलित परिसीमन के आधार पर रजिस्ट्रीकरण अधिकारी या सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा मतदाता सूची को पंचायतवार मार्किंग की जाएगी। चार अक्टूबर तक मतदाता सूची की चेकलिस्ट बनाई जाएगी तथा 10 अक्टूबर तक संशोधित चेकलिस्ट जिला निर्वाचन कार्यालय को दी जाएगी। 14 अक्टूबर तक जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा मतदाता सूची को रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को उपलब्ध कराया जाएगा।

### 22 नवंबर को अंतिम प्रकाशन

23 अक्टूबर दोपहर तीन बजे तक तक दावा, आपत्तियां ली जा सकती हैं। इसके बाद 29 अक्टूबर तक इनके दावे आपत्तियों का निराकरण होगा। चार नवंबर तक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को दावा प्रस्तुत किया जा सकता है तथा निराकरण की आखिरी तारीख आठ नवंबर है। अनुपूरक सूची का मुद्रण कराना और अनुपूरक सूची को मूल सूची के साथ संलग्न 19 नवंबर तक करना होगा। निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 22 नवंबर को होगा।

### इतनी पंचायतों और निकाय हैं

प्रदेश में 11,664 पंचायतें हैं। इनमें से 5,050 ग्राम पंचायतें ऐसी हैं, जहां की आबादी 5,000 से अधिक है। वहीं 33 जिलों में 184 निकाय हैं। इनमें से 14 नगर निगम, 48 नगर पालिका परिषद व 122 नगर पंचायत हैं।

## खबर संक्षेप

### महाराष्ट्र मंडल गणेशोत्सव में नागरिक संवाद आज

**रायपुर।** चौबे कॉलोनी स्थित महाराष्ट्र मंडल में शहीद मेजर यशवंत गोरे स्मृति गणेशोत्सव में यशवंत गोविंद जोगलेकर स्मृति में 12 सितंबर को नागरिक संवाद का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम छत्रपति शिवाजी महाराज सभागृह में शाम 7:30 बजे प्रारंभ होगा। दरअसल नागरिक संवाद का विषय 'एक सामाजिक कार्य, जिससे देश भर में हो रायपुर की पहचान' है। इसी विषय को ध्यान में रखते हुए महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष अजय मधुकर काले अपना अध्यक्षीय संबोधन देंगे। संवाद कार्यक्रम में मराठी साहित्य समिति के जानी-मानी हस्तियां खूबचंद बघेल, हरि ठाकुर, माधव राव सप्रे, रविशंकर शुक्ल, श्यामा चरण शुक्ल, विद्या चरण शुक्ल, यागो जोगलेकर, रणवीर सिंह शास्त्री आदि भाग ले चुकी हैं। मराठी साहित्य समिति की प्रभारी कुमुद लाड और मंडल की सह-सचिव मालती मिश्रा ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य वक्ता रोटरी क्लब के भूतपूर्व गवर्नर शशि वरवंडकर होंगे।

### भगवान गणेश को लगाया 21 किलो लड्डू का भोग



**रायपुर।** बूढ़ापारा स्थित श्री गणेश मंदिर में बुधवार को महाआरती कर 21 किलो लड्डू का भोग लगाया गया। इसके बाद भक्तों को बांटा गया। इस अवसर पर प्रदेश वासियों के सुख-समृद्धि की कामना करने के साथ लोगों के दुखों का निवारण करने बप्पा से प्रार्थना की गई। यह कार्यक्रम एक प्रयास संस्था द्वारा किया गया। इसी दौरान संस्था के अध्यक्ष सत्तू सिंह ने बताया कि इस पुनीत कार्य में पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा, संजय पाठक, पार्षद आकाश तिवारी, अमितेष भारद्वाज, सुनील भुवाल, संजय सोनी, नितिन भंसाली, मनोज राठी सहित अन्य भक्त भी मौजूद रहे।

### सुभाष शर्मा का निधन, महंत भूपेश, बैज ने जताया शोक



**रायपुर।** सुंदर नगर निवासी प्रदेश कांग्रेस के पूर्व महासचिव सुभाष शर्मा (72) का 11 सितंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी श्मशघाट में किया गया। वे सोनल शर्मा और तनुश्री पांडे के पिता थे। उनके निधन पर कांग्रेस नेताओं ने गहरा शोक जताया है। पूर्व सीएम भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने भी शोक जताया है। श्री बघेल ने ट्वीट में लिखा है कि छत्तीसगढ़ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुभाष शर्मा के निधन की दुखद सूचना मिली है। वे लंबे समय तक प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रभारी महासचिव रहे। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें।

# छूटे राशन कार्ड धारक अब 31 अक्टूबर तक करा सकेंगे नवीनीकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खबर का असर

छत्तीसगढ़ में करीब सात लाख राशन कार्ड धारकों का नवीनीकरण नहीं हो पाया था, जिसकी अवधि समाप्त होने के बाद खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग की ऑफिसियल ऑनलाइन आईडी को 16 अगस्त से ब्लॉक कर दिया गया था, जिसके कारण छूटे कार्ड धारकों का नवीनीकरण भी अटक गया। नवीनीकरण नहीं होने से कार्ड धारकों के नए कार्ड भी बन नहीं पा रहे थे। हरिभूमि ने इस खबर को प्राथमिकता के साथ प्रकाशित की थी। इस खबर का असर भी हुआ है।

## शासन ने बढ़ाई नवीनीकरण की तारीख

### 78 लाख 44 हजार से ज्यादा कार्ड धारक

विभागीय आंकड़ों के अनुसार प्रदेशभर में 78 लाख 44 हजार 326 कार्ड धारक हैं। इसकी तुलना में 71 लाख 26 हजार 182 कार्ड धारकों ने नवीनीकरण करा लिया है, वहीं 7 लाख 18 हजार 114 कार्ड धारकों ने अब तक नवीनीकरण नहीं कराया है। ब्लॉक आईडी खुलने के बाद अब छूटे कार्ड धारक भी नवीनीकरण कराकर नया कार्ड बनवा पाएंगे।



### 16 अगस्त से ब्लॉक थी आईडी

प्रदेश में जनवरी से राशन कार्ड नवीनीकरण का कार्य चल रहा है। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आचार संहिता लागू होने कारण करीब डेढ़-दो महीने तक इसका काम बंद था। इसके बाद पुनः नवीनीकरण का काम शुरू हुआ, जो 15 अगस्त तक चलता रहा। इस दौरान छूटे कार्ड धारकों के लिए 2 से 3 बार नवीनीकरण की तारीख बढ़ाई भी गई थी, बावजूद धारक नवीनीकरण कराने के लिए आवेदन नहीं कर पाए। हालांकि इनमें ऐसे भी कई धारक हैं, जिनके पुराने राशन कार्ड के बार कोड स्कैन नहीं होने या मोबाइल नंबर बदल जाने के कारण आवेदन नहीं हो पा रहे हैं।

### नवीनीकरण की समय सीमा 31 अक्टूबर तक बढ़ी

नवीनीकरण की समय-सीमा बढ़ाने के लिए मुख्यालय प्रस्ताव भेजा गया था। यह प्रस्ताव अन्य जिलों से भी भेजे गए थे। इन प्रस्तावों के आधार पर नवीनीकरण की समय सीमा 31 अक्टूबर तक बढ़ा दी गई है।

*- भूपेंद्र सिंह, जिला खाद्य नियंत्रक*

राज्य में सरकार बदलने के बाद राशन कार्ड भी बदल दिया गया है। नया राशन कार्ड बनवाने के लिए कार्ड धारकों को नवीनीकरण कराना अनिवार्य किया गया है। नवीनीकरण कराने वालों का ही नया कार्ड बनाकर दिया जा रहा है। इसके लिए कार्ड धारक स्वयं से विभाग की ऑनलाइन वेबसाइट में नवीनीकरण कराने का आप्शन भी दिया गया है। इस ऑप्शन के माध्यम से कार्ड धारक पुराने राशन कार्ड के बार कोड स्कैनर को स्कैन करके नवीनीकरण के लिए आवेदन कर सकता है। इसके अलावा धारकों ने राशन दुकान संचालकों के माध्यम से भी नवीनीकरण के लिए आवेदन किए हैं। इन दोनों आप्शन के माध्यम से प्रदेशभर में कार्ड धारकों द्वारा नवीनीकरण कराया गया है।

## आज से शराब दुकानों में मिलनी थी नए स्टाक की शराब

# पसंदीदा ब्रांड की शराब लेने शौकीनों को कुछ दिन और करना होगा इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य शासन द्वारा शराब नीति में परिवर्तन कर बिचौलिया प्रथा समाप्त कर सीधे शराब निर्माता कंपनियों से शराब खरीदी करने से शराब के शौकीनों में अपने मन पसंद ब्रांड मिलने की आस है। शराब दुकानों में बुधवार से सभी ब्रांड की शराब के साथ बीयर, रम ग्राहकों के लिए उपलब्ध होना था। इसके लिए शराब के शौकीनों को कुछ दिन और इंतजार करना होगा। ब्रेवरेज कार्पोरेशन के सिलतरा स्थित गोदाम में कंपनियों से खरीदी गई शराब की खेप पहुंच गई है, लेकिन वह शराब की पेटियां दुकानों तक नहीं पहुंच पाई है।

- **ट्रांसपोर्टिंग में देर होने की वजह से दुकानों में नए स्टाक का माल पहुंचने में हो रही है देर**

पचपेड़ी नाका स्थित प्रीमियम शॉप, पुलिस लाइन, कटोरातालाब, शास्त्री बाजार, पुराना बसस्टैंड स्थित संचालित अंग्रेजी शराब दुकान में काम करने वाले कर्मियों के मुताबिक दुकानों में अब तक नए स्टॉक का माल नहीं पहुंच पाया है। नया माल नहीं पहुंचने की वजह कर्मियों ने ट्रांसपोर्टिंग में देर होने के साथ मैन पावर की कमी को बताया। जानकारी के मुताबिक मंगलवार को सिलतरा स्थित ब्रेवरेज कार्पोरेशन के डिपो से बस्तर तथा धमतरी के लिए शराब की खेप रवाना की गई है। इसके साथ ही अन्य जिलों के शराब ट्रांसपोर्टर सिलतरा से शराब का उठाव कर रहे हैं।



### इसलिए हो रही देर

शराब ट्रांसपोर्ट करने वाले ट्रांसपोर्टर अन्य जिलों के लिए पहले शराब परिवहन कर रहे हैं। इसके बाद रायपुर जिले की दुकानों के लिए शराब परिवहन करेंगे। इसके कारण यहां दुकानों में नए स्टाक का माल पहुंचने में देर हो रही है। नए स्टाक का माल नहीं पहुंचने की वजह से शराब के शौकीनों को अपने पसंदीदा ब्रांड की शराब लेने तीन से चार दिन और इंतजार करना होगा।

### मीडियम रेंज में चर्चित ब्रांड का टोटा

मीडियम रेंज की शराब जैसे नंबर-1, एरिस्टोक्रेट, रायल स्टेग जैसे चर्चित ब्रांड की शराब ज्यादातर दुकानों में नहीं मिल रही है। दुकानों में आरसी जैसे ब्रांड की शराब प्रीमियम शॉप के साथ शास्त्री बाजार, पुलिस लाइन, पुराना बसस्टैंड की दुकानों में उपलब्ध है।

### दुकानों से रम गायब

शराब के शौकीनों के लिए व्हिस्की के बाद रम दूसरी पसंदीदा शराब है। रम के शौकीनों को प्रीमियम के साथ अंग्रेजी शराब दुकान में किसी भी ब्रांड की रम नहीं मिल रही है। इसके साथ ही प्रीमियम के साथ अंग्रेजी शराब दुकानों में बीयर के शौकीनों को सिंबा ब्रांड की बीयर मिल पा रही है।

**इस रेंज की शराब की कीमत में बढ़ोतरी**

एक सितंबर से कई ब्रांड की शराब की कीमत में बढ़ोतरी की गई है। जिन शराब की कीमतों में बढ़ोतरी की गई है, उनमें 840 रुपए से ज्यादा कीमत में मिलने वाली शराब की कीमतों में बढ़ोतरी की गई है। इसके साथ ही बीयर की कीमतों में बढ़ोतरी की गई है।

# 17 से 23 सितंबर तक महादेव घाट के विसर्जन कुंड में होगा गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी में 17 सितंबर से 23 सितंबर तक गणेश प्रतिमाओं का महादेवघाट में विसर्जन कुंड में सम्मान के साथ विसर्जन किया जायेगा। इसके लिए नगर निगम के अधिकारियों व कर्मचारियों की तीन पाली में डयूटी लगाई जा रही है। विसर्जन स्थल पर शिफ्ट वाइज जोन कमिश्नर, कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता, उप अभियंता, समयपाल और मजदूरों की डयूटी लगाई गई है। वहीं शहर में झांकी का प्रारंभ शारदा चौक से होगा। वहां प्रत्येक झांकी के लिए अलग से टोकन नंबर एलाट किया जायेगा।

- **शारदा चौक से शुरू होगी झांकी, टोकन नंबर मिलेगा**

खारुन नदी के किनारे महादेवघाट में निर्मित विसर्जन कुंड में गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन कराने नगर निगम प्रशासन ने प्रशासकीय व्यवस्था बनाई है। निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने आदेश जारी कर 17 सितंबर से 23 सितंबर तक गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन कराने 3 पालियों में निगम के अधिकारियों व कर्मचारियों की डयूटी लगाई है। एनजीटी के दिशा-निर्देश के अनुसार किसी भी स्थिति में खारुन नदी में गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन नहीं होने दिया जायेगा।



### शारदा चौक से निकलेगी झांकी

राजधानी में विसर्जन के दौरान निकलने वाली झांकी का प्रारंभ शारदा चौक से होगा, जहां उन्हें नंबर दिया जायेगा। यह झांकी शारदा चौक से जयस्तंभ, कोतवाली, सदर बाजार होते हुए सत्ती बाजार, कंकाली तालाब, पुरानी बस्ती थाना चौक, लिली चौक, लाखे नगर चौक, सुन्दरनगर, महादेव घाट रिंगरोड चौक होते हुए रायपुरा महादेव घाट के पास निर्मित विसर्जन कुंड स्थल पर जाकर विसर्जित होगी। विसर्जन के दिन राजधानी के लाखे नगर चौक से महादेवघाट रिंगरोड तक वन वे ट्रैफिक रहेगा।

### अधिकारियों की समिति गठित

निगम आयुक्त ने गणेश विसर्जन स्थल पर प्रशासनिक व्यवस्था करने निगम अधिकारियों की एक समिति गठित की है। इसमें नोडल अधिकारी अपर आयुक्त विनोद पाण्डेय को बनाया गया है। साथ ही समिति में प्रभारी अधीक्षण अभियंता राजेश राठौर नगर निवेशक आभास मिश्रा, जोन 8 कमिश्नर एके हालदार, जोन 6 कमिश्नर रमेश जायसवाल, स्वास्थ्य अधिकारी तृप्ति पाणीग्रही को शामिल किया गया है।



### पूजा को गृह विज्ञान में पीएचडी

**रायपुर।** पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय ने पूजा नंदकिशोर सोनकर को गृह-विज्ञान (ह्यूमन डेवलपमेंट) संकाय में पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उनका शोध का विषय इम्पेक्ट ऑफ़ ऑप्टिमिस्म एन्ड रेसिलिएंस ऑफ़ मिडिल-एज्ड एडल्ट्स डुइरिंग कोविड-19 पेंडेमिक (कोविड-19 महामारी के दौरान मध्यम आयु वर्ग के वयस्कों पर आशावाद और लचीलेपन का प्रभाव) के लिए था। उन्होंने अपना शोध कार्य शासकीय डीबी गर्ल्स पीजी कॉलेज के प्रोसेसर नंदा गुरवारा के मार्गदर्शन में पूर्ण किया है।

# वंदे भारत एक्सप्रेस में ऐसा ग्लास जिसे तोड़ नहीं पाएंगे पत्थरबाज चेन्नई से पहुंची नई रैक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रेल हादसे को रोकने सुरक्षा कवच के साथ नई वंदे भारत एक्सप्रेस ऐसे ग्लास से लैस है, जिसे पत्थरबाज नहीं तोड़ पाएंगे। पथराव से कांच क्रेक तो होगा, मगर टूटकर यात्रियों को चोटिल नहीं करेगा। 15 को दुर्ग से पहली रवानगी के लिए ट्रेन की लग्जरी नई रैक चेन्नई से दुर्ग पहुंच गई है। वर्तमान में दुर्ग से विशाखापट्टनम के लिए रवाना होने वाली लिंक एक्सप्रेस को अपना सफर पूरा करने में साढ़े 11 घंटे लगते हैं। नई वंदे भारत एक्सप्रेस इस यात्रा को केल आठ घंटे में पूरा करेगी और सफर लग्जरी होने की वजह से यात्रियों को किसी तरह की परेशानी नहीं उठानी पड़ेगी। बुधवार को चेन्नई से वंदेभारत की 16 बोगियों की नई रैक दुर्ग स्टेशन पहुंच गई है। 15 सितंबर को जमशेदपुर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा हरी झंडी दिखाने के बाद ट्रेन दुर्ग से सुबह 10.30 बजे रवाना होकर रायपुर पहुंचेगी।



### सांसदों ने की रेल यात्रा पर चर्चा

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर मंडल के अंतर्गत आने वाले संसदीय क्षेत्रों के सांसदों की बैठक महाप्रबंधक नीनू इटियेरा के साथ बुधवार को हुई। रेल मंडल कार्यालय में आयोजित बैठक के अध्यक्ष दुर्ग सांसद विजय बघेल थे। इसके साथ सांसद बृजमोहन अग्रवाल, भोजराज नाग, महेश कश्यप, रंजीत रंजन राज्यसभा सदस्य एवं सासंद प्रतिनिधि और रेलवे के अधिकारी मौजूद थे। बैठक में यात्री सुविधा, आधारभूत संरचना के विकास सहित विभिन्न योजनाओं पर चर्चा की गई।

## पेज 11 के शेष ...

### किराए के गोदाम में रीफिलिंग...

विभाग की टीम ने इस गोदाम में छापा मारा और मौके से थोक में छोटे-बड़े गैस सिलेंडरों के साथ रीफिलिंग में इस्तेमाल की जाने वाली सामग्री रेग्यूलेटर, पाना पेंचिस, हथौड़ा, पीतल की बांसुरी आदि भी बरामद की है। छापे के दौरान गोदाम में मौजूद तीन लोगों ने टीम के साथ जमकर बहस की और फिर पुलिस के आने से पहले भाग निकले।

खाद्य विभाग के जिला अधिकारी भूपेंद्र मिश्रा ने बताया कि उन्हें शिकायत मिली थी कि मोवा अमन नगर में अशोका हाईट्स की विपरीत दिशा में स्थित एक छोटे गोदाम में कुछ लोग गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी एवं रीफिलिंग का अवैध रूप से धंधा कर रहे हैं। इस शिकायत पर उन्होंने तत्काल गोदाम में छापा मारने के लिए टीम को भेजा। टीम में शामिल खाद्य निरीक्षक वीणा किरण साहू, पुष्पा चौधरी एवं देवेश देवदास जब मौके पर पहुंचे, तो उस समय गोदाम का शटर बंद था। गोदाम को जिन्होंने किराए पर ले रखा था, उनमें से दो लोग गोदाम के बाहर ही खड़े मिले। टीम ने गोदाम का शटर उन्हीं लोगों से खुलवाया। अंदर जाकर देखा, तो गोदाम सिलेंडरों से भरा हुआ था और एक व्यक्ति सिलेंडर की रीफिलिंग प्रोसेसिंग करते भी मिला। हालांकि टीम ने आरोपियों को गिरफ्तार करने जब पुलिस को मोबाइल पर सूचना दी, तो पकड़े जाने के डर से तीनों आरोपी मौके से फरार हो गए।

**किराए के गोदाम में चल रहा था रीफिलिंग का अवैध कारोबार :** विभागीय अधिकारियों के अनुसार जिस गोदाम में यह गोरख धंधा चल रहा था, उसे आरोपियों ने किराए पर लिया हुआ था। गोदाम किसी अब्दुल कलाम नामक व्यक्ति का बताया जा है, जिसने शकील सहित अन्य कुछ लोगों को किराए पर दे रखा था। आशंका जताई जा रही है कि इस गोरध धंधे के बारे में गोदाम के मालिक को भी जानकारी थी, जिसे लेकर पूछताछ की जा रही है।

### अधिकारियों की सूचना...

गए। इधर इस मामले में द्रवीकृत पेट्रोलियम (प्रदाय और वितरण विनियमन) आदेश 2000 के कंडिका 3(1) ग, 4(1) क.ख.ग. घ. 5, 6, 7(1) क.सा के प्रावधानों का उल्लंघन एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत आरोपियों के विरुद्ध अपराध दर्ज किया गया है।

### प्रदेश में सीजन का कोटा...

है कि अभी मानसून द्रोणिका के गुजरने की वजह से उत्तर, भौगोलिक कारणों से बस्तर तथा स्थानीय प्रभाव से मध्य इलाके में बारिश हो सकती है। मौसम का मिजाज बदलने वाला सिस्टम अब आगे बढ़कर मध्यप्रदेश तक जा चुका है। इसके चार दिन बाद रिजर्व होकर वापस लौटने की उम्मीद है। उस दौरान सरगुजा और बिलासपुर संभाग में 14-15 सितंबर को बारिश हो सकती है। बुधवार को शहर में वर्षा नहीं हुई, मगर बादल छाए रहे जिसकी वजह से उमस भरी गर्मी से राहत मिली। मौसम विभाग के सूत्रों के मुताबिक राज्य में अब तक 1123 मिमी. बारिश दर्ज की जा चुकी है, जो सीजन के औसत वर्षा के लगभग बराबर हो चुकी है। खेती-किसानी तथा वाटर रीचार्ज के नजरिए से प्रदेश में अभी तीन दौर में बारिश होने की आवश्यकता है। कल तक हुई बारिश की वजह से कई जिले बेहतर स्थिति में आ चुके हैं, मगर पांच जिले से कमी अभी दूर नहीं हुई है। इनमें दुर्ग, बेमेतरा, सारंगगढ़-बिलाईगढ़, सरगुजा और जशपुर जिला शामिल है।

### महिला इंजीनियर के साथ...

का अपराध दर्ज है। गिरफ्तार आरोपी मूलतः बिहार, मुजफ्फरपुर का रहने वाला है और अपने आपको एक ऑयल कंपनी में सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत होना बताया है। पुलिस के अनुसार टेक महिंद्रा में इंजीनियर के रूप में कार्यरत रश्मि शर्मा के साथ ठगी के आरोप में पी. हरिकिशन सिंह को चेन्नई, कांचीपुरम से गिरफ्तार किया गया है। ठगी की शिकार महिला इंजीनियर ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी कि वह नोएडा से किसी काम से तेलीबांधा स्थित एक होटल में आकर रुकी हुई थी। इसी दौरान उनके मोबाइल में शेयर ट्रेडिंग में निवेश करने पर 30 से 40 प्रतिशत तक लाभ मिलने का मैसेज आया। मैसेज देख महिला इंजीनियर ने लिंक खोला, तो अज्ञात जालसाज ने इंजीनियर को एक वाट्सएप ग्रुप में जोड़कर शेयर ट्रेडिंग के नाम पर निवेश कराकर ठगी का शिकार बनाया।

**गिरोह में आठ से नौ लोग शामिल :** रेंज साइबर पुलिस के अनुसार ठगी के आरोप में गिरफ्तार आरोपी हरिकिशन जालसाज गिरोह में अकाउंट के साथ सिम कार्ड उपलब्ध कराने का काम करता था। जालसाज गिरोह में आठ से नौ जालसाज शामिल हैं। हरिकिशन चेन्नई से सिम कार्ड, अकाउंट की व्यवस्था कर पश्चिम बंगाल, मुर्शिदाबाद पहुंचा। वहां से उसने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर ठगी की घटना को अंजाम दिया।

**इंजीनियर, डॉक्टर, सीए, कारोबारी फंस रहे :** शेयर ट्रेडिंग के नाम पर ठगी के ज्यादातर मामलों के शिकार इंजीनियर, डॉक्टर, सीए तथा कारोबारी हो रहे हैं। जालसाजों के फर्राटेदार अंग्रेजी बोलने तथा उनके द्वारा अंग्रेजी में मैसेज भेजे जाने से पढ़े लिखे वर्ग के लोग ज्यादतर फंस रहे हैं। जालसाज अपने शिकार को शेयर ट्रेडिंग में भारी लाभ होने का विश्वास दिलाने वर्चुअल साक्ष्य दिखाते हैं। इसके चलते जालसाजों के जाल में फंसे लोग लालच में आकर रकम ट्रांसफर करते जाते हैं।

### सीए से एक करोड़ 39...

बनाया है। जालसाजों ने सीए को झांसे में लेने के लिए कथित तौर पर शेयर में लाभ कमाने वालों का रीव्यू दिखाकर ठगी का शिकार बनाया।

# शराब घोटाला, नकली होलोग्राम मामले के आरोपियों की रिमांड 14 दिन बढ़ाई गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर


शराब घोटाला, नकली होलोग्राम तथा महादेव सट्टा एप मामले में बुधवार को कोर्ट में महत्वपूर्ण सुनवाई हुई। शराब घोटाला तथा नकली होलोग्राम मामले में आरोपियों की न्यायिक रिमांड की अवधि 14 दिनों तक कोर्ट ने बढ़ाने का आदेश दिया है। महादेव सट्टा एप मामले में निलंबित आरक्षक के जमानत आवेदन पर कोर्ट में गुरुवार को सुनवाई होगी।

- **महादेव सट्टा एप के आरोपी की जमानत याचिका पर आज होगी सुनवाई**

गौरतलब है कि इसके पूर्व शराब घोटाला मामले में आरोपी बनाए गए अनिल टूटेजा का ईडी की विशेष कोर्ट ने जमानत आवेदन खारिज करते हुए न्यायिक रिमांड की अवधि बढ़ाने का फैसला सुनाया था।

शराब घोटाला मामले में जेल में बंद अनवर ढेबर, अरविंद सिंह की रिमांड अवधि समाप्त होने के बाद बुधवार को पुनः ईडी की विशेष अदालत में सुनवाई हुई। कोर्ट ने दोनों आरोपियों की रिमांड अवधि 14 दिनों तक बढ़ाने का फैसला सुनाया। अब इन आरोपियों की अगली सुनवाई 25 सितंबबर को होगी।

नकली होलोग्राम मामले में ईओडब्लू की विशेष अदालत ने दिलीप पांडे, अनुराग द्विवेदी, दीपक दुआरी तथा अमित सिंह की रिमांड अवधि 14 दिनों के लिए बढ़ा दी है।



### जमानत याचिका पर आज सुनवाई

महादेव सट्टा एप के आरोप में जेल में बंद निलंबित आरक्षक सहदेव यादव तथा सतीश चंद्राकर ने ईओडब्लू की विशेष अदालत में जमानत आवेदन पेश किया है। बुधवार को अभियोजन तथा बचाव पक्ष के वकीलों ने कोर्ट में दलीलें पेश की। कोर्ट दोनों पक्षों की दलीलें तथा तर्क सुनने के बाद गुरुवार को फैसला सुनाएगी।

**न्यायालय नायब तहसीलदार, आरंग, जिला - रायपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र 202408115300045/ अ-27/वर्ष 2023-24
ग्राम -भिलाई, प.ह.नं. 35

एतद् द्वारा ग्रामवासी एवं सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदिका फगनी बाई साहू पति संतु राम साहू पिता स्व. परसुराम निवासी ग्राम रीवा तहसील मंदिर हसौद जिला रायपुर छ. ग. आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया है कि मौजा ग्राम भिलाई प.ह.नं. 35 रा.नि.मं. भिलाई तहसील आरंग स्थित संयुक्त खाते की भूमि खसरा नंबर 1844, 2105, रकबा क्रमशः 0.02, 1.47, हे. भूमि आवेदिका एवं अनावेदकगण के नाम पर शामिलात खाते में राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि विरासतन हक से प्राप्त होने से आवेदिका एवं अनावेदकगण के मध्य आपसी बंटवारा अनुसार खाता विभाजन करना चाहते है। आवेदिका द्वारा आवेदित भूमि को आवेदिका एवं अनावेदकगण के मध्य खाता विभाजन करने हेतु निवेदन किया गया है। उक्त प्रकरण भूईया से मद अ-27 में दर्ज होकर इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय मे दिनांक 20/09/24 तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 28/08/24 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार
आरंग (छ.ग.)

**न्यायालय आतिरिक्त तहसीलदार 01 रायपुर के न्यायालय मे मामला क्रमांकः 202409113700004**

विषय:- ब-121 सनः- 2023-2024
मामले की श्रेणी :- राजस्व

जरवाय ऊर्फ हीरापुर (प.ह.न. 00035),
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार- जय श्री अग्रवाल,
अनावेदक पक्षकार - छ.ग. शासन,

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदिका जय श्री अग्रवाल पति महेश्वर निवासी पुरानी बस्ती रायपुर (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि, आवेदिका के नाम पर ग्राम जरवाय ऊर्फ हीरापुर, प.ह.नं. 35, तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 781/110 रकबा 0.1944 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदिका का नाम उक्त भूमि में विधिवत रूप से राजस्व अभिलेखों में दर्ज किया जा चुका है, किन्तु आवेदिका को आवेदित भूमि का ऋण पुस्तिका प्रदान नहीं किया गया है। आवेदिका द्वारा उक्त भूमि का ऋण पुस्तिका प्रदान किये जाने का निवेदन किया गया है।

अतः आवेदिका द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नियत सुनवाई दिनांक 25/09/2024 तक स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 09/09/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर

विनोद कुमार साहू
आतिरिक्त तहसीलदार
रायपुर (छ.ग.)

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार उप तहसील खोरपा जिला रायपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

ग्राम भरेंगा प.ह.नं.08 रा.प्र.क्र. 202409116300001/ अ-6 (अ) वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक गनपत राम पिता अलखराम उर्फ दल्लू राम टंडन निवासी ग्राम झांकी तहसील अभनपुर जिला रायपुर छ.ग. द्वारा ग्राम भरेंगा प.ह.नं. 08 रा.नि.मं. खोरपा उप तहसील खोरपा जिला रायपुर छ.ग. मे स्थित भूमि ख.नं. 857 रकबा 0.2100 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में दीपक कुमार तथा गनपत राम पिसरान अलखराम टंडन के नाम पर दर्ज है। आवेदित भूमि के राजस्व अभिलेख मे आवेदक तथा सह खातेदार के पिता का नाम अलखराम दर्ज है तथा आवेदक के पिता के अन्य दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, राशन कार्ड में दल्लू राम टंडन दर्ज है। दल्लू राम टंडन व अलखराम टंडन एक ही व्यक्ति है एवं उक्त दोनो नाम से जाना व पहचाना जाता है। आवेदक द्वारा उक्त भूमि के राजस्व रिकार्ड में आवेदक तथा सह खातेदार के पिता अलखराम के साथ उर्फ दल्लू राम टंडन दुरुस्त किये जाने बाबत आवेदन न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अभनपुर के माध्यय से इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। तत्संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था / समूह को कोई दावा आपत्ति हो तो वे अपना दावा आपत्ति आवेदन इस न्यायालय में नियत पेशी तारीख 18 /09 / 2024 तक न्यायालयीन समय में स्वतः अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर पेश कर सकते है, नियत तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा ।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से आज दिनांक 03/09/2024 को जारी किया गया ।

मुहर

अति. तहसीलदार
उप तहसील खोरपा

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि द्वारा अटल विहार योजना आरंग जिला रायपुर (छ.ग.), में **LIG TYPE1/105**, को श्रीमती आशा साहू पति श्री रामनाथ साहू के नाम से स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त भवन के मद में पूर्ण राशि जमा कर पंजीयन कार्यालय रायपुर से दिनांक 31.01.2020 को लीजडीड (पट्टा - विलेख ) का निष्पादन करा कर आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। वर्तमान श्रीमती आशा साहू पति श्री रामनाथ साहू, निवासीः- ग्राम व पोस्ट फरफौद थाना व तहसील आरंग जिला रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को श्री जेम्स मिंज पिता श्री जुएल मिंज, निवासीः- एल.आई.जी. 109, अटल विहार कॉलोनी आरंग थाना व तहसील आरंग जिला रायपुर (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी.) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अटल विहार योजना आरंग जिला रायपुर (छ.ग.) LIG TYPE1/105, के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्ध्दशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण
मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र
राजधानी परियोजना नवा रायपुर
अटल नगर जिला-रायपुर(छ.ग.)

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नवा रायपुर, अटल नगर रायपुर सेक्टर-27, में स्वतंत्र भवन क्रमांक - पीउसी / 645, को श्री आर. के. लाला पिता स्व. श्री डी.ए. लाला एवं श्री व्ही. के. लाला पिता स्व. श्री डी.ए. लाला, निवासीः- मकान नं. 47, वार्ड नं. 46, गंगा विहार कालोनी, प्रायमरी स्कूल के पास, अमलीडीह, रायपुर (छ.ग.) के नाम पर स्ववितीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त भवन के विरूद्ध पूर्ण राशि जमा कर पंजीयन कार्यालय रायपुर से रजिस्ट्री की कार्यवाही पूर्ण कर आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। श्री आर. के. लाला पिता स्व. श्री डी.ए. लाला की मृत्यु दिनांक 03.05.2019 को हो गयी है। श्री व्ही. के. लाला पिता स्व. श्री डी.ए. लाला ने अपने भाई श्री आर. के. लाला पिता स्व.श्री डी. ए. लाला की मृत्यु होने के उपरांत उक्त भवन को अपने नाम पर यथावत रखने हेतु आवेदन पत्र के साथ, शपथ पत्र, सहमति पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भवन को श्री व्ही. के. लाला पिता स्व. श्री डी.ए. लाला के नाम पर यथावत रखने में किसी भी व्यक्ति, शासकीय / अर्धशासकीय संस्था इत्यादि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज प्रस्तुत करे। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा ।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण
मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र
राजधानी परियोजना नवा रायपुर
अटल नगर जिला-रायपुर(छ.ग.)

Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र

न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561

• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग

डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित

अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप




### नियुक्ति पत्र नहीं भटक रहे अभ्यर्थी

**रायपुर।** रोजगार एवं प्रशिक्षण विभाग नवा रायपुर में आईटीआई ट्रेनिंग आफिसर के पद पर हुई भर्ती प्रक्रिया में चतुर्थ चरण के पात्र अभ्यर्थियों को 11 माह से नियुक्ति नहीं मिली है। प्रभावित अभ्यर्थियों ने जल्द नियुक्त पत्र जारी करने गुहार लगाई है। बुधवार को पत्रकारवार्ता में अभ्यर्थी मोहन गुप्ता, हीरालाल ने बताया कि विभाग के संचालक और विभागीय मंत्री को उन्होंने इस बात से अवगत कराया है, पर आज तक उन्हें नियुक्ति पत्र नहीं मिला। इससे वे बेहद परेशान हैं।

### कृषि महाविद्यालय का मुक्तिधाम सुधारने की मांग



**रायपुर।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय मुख्यालय के मुक्तिधाम की वर्तमान दशा को सुधारने की मांग को लेकर श्री साईं दर्शन आवासीय समिति साईं नगर जोरा के पदाधिकारियों ने बुधवार को विधायक अनुज शर्मा के आवास जाकर मुलाकात की और ज्ञापन सौंपा। इसी दौरान समिति के पूर्व अध्यक्ष डॉ देवेंद्र कुमार सूर्यवंशी और पूर्व कोषाध्यक्ष सुरेश सोनी ने विधायक को बताया कि मुक्तिधाम में आने जाने का रास्ता अभी कच्चा है, अंतिम संस्कार स्थल के आसपास आगंतुकों के लिए बड़ा सा शेड निर्माण भी नहीं कराया गया है और वहां बैठने के लिए पर्याप्त संख्या में बेंच भी नहीं है और कई समस्याएं हैं। जिस पर विधायक ने मुक्तिधाम को सुधारने आश्वासन दिया।

# 2 अक्टूबर को रायपुर में जुटेंगे प्रदेशभर से शिक्षक, डीए के लिए करेंगे सत्याग्रह

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

■ छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा की बैठक में फैसला, फिर आंदोलनरत होंगे शिक्षक

प्रदेशभर के शिक्षक 2 अक्टूबर को राजधानी रायपुर में जुटेंगे। गांधी जयंती के मौके पर वे सत्याग्रह करते हुए पदयात्रा निकालेंगे। शिक्षक डीए और प्रथम नियुक्ति से पूर्व सेवा गणना की मांग को लेकर यह पदयात्रा करेंगे।

शिक्षकों की सेवा की गणना उनके संविलियन तिथि से की जा रही है। इसके स्थान पर शिक्षक मांग कर रहे हैं कि शिक्षाकर्मी के रूप में उनकी नियुक्ति तिथि से सेवा गणना की जाए। शिक्षकों का यह आंदोलन क्रमबद्ध रूप से चलेगा। गांधी जयंती के बाद 14 अक्टूबर को शिक्षक मोर्चा द्वारा सभी जिला मुख्यालय में बैनर, पोस्टर के साथ मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया जाएगा। एक नवंबर राज्य स्थापना के दौरान प्रदेशभर के शिक्षक दीप जलाकर अपनी सेल्फी व फोटो सहित समस्त सोशल मीडिया में प्रचार-प्रसार करेंगे।

11 नवंबर को प्रदेश के 146 विकासखंड में मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम, तहसीलदार व विकासखंड शिक्षा अधिकारी को समस्त शिक्षकों की उपस्थिति में ज्ञापन दिया जाएगा। 12 नवंबर से 24 नवंबर के जनप्रतिनिधियों को मांगपत्र सौंपा जाएगा।

### सभी शिक्षकों को जोड़ा जाएगा अभियान में

बैठक में शिक्षक मोर्चा ने निर्णय लिया है कि मोर्चा के समन्वय व सहयोग के लिए सभी जिला मुख्यालय में बैठक आयोजित कर सभी शिक्षकों को शिक्षक मोर्चा से जोड़ा जाएगा। छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के प्रदेश संयोजक संजय शर्मा ने कहा, इस आंदोलन के लिए प्रदेशभर के विभिन्न शिक्षक संघ एक साथ आ गए हैं। वीरेंद्र दुबे, मनीष मिश्रा, विकास राजपूत सहित अन्य संघ प्रमुखों ने एक बड़ी बैठक में सर्वसम्मति से प्रदेश के शिक्षकों के हित में यह अभियान प्रारंभ किया है। हम सभी शिक्षकों को एकजुट करने की कोशिश कर रहे हैं।



## राजधानी में आंबेडकर प्रतिमा से कलेक्टोरेट तक निकाली रैली

# मोदी की गारंटी को लेकर प्रदेश के सभी जिलों में कर्मचारियों ने निकाली मशाल रैली

■ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन की रैली में शामिल हुए संयुक्त शिक्षक महासंघ के पदाधिकारी

■ डीए, चार स्तरीय वेतनमान, केंद्र के समान गृहभाड़ा भत्ता देने की मांग




हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के आह्वान पर बुधवार को प्रदेश के जिला मुख्यालयों में आंदोलन के तृतीय चरण में मशाल जुलूस रैली निकालकर कर्मचारियों व अधिकारियों ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। राजधानी रायपुर में फेडरेशन से जुड़े कर्मचारी संगठनों ने आंबेडकर प्रतिमा स्थल से जिला कलेक्टोरेट तक रैली निकालकर जंगी प्रदर्शन किया। इसमें बड़ी संख्या में कर्मचारी शामिल हुए।

संयुक्त शिक्षक महासंघ एवं प्रदेश शिक्षक महासंघ के अध्यक्ष राजनारायण द्विवेदी ने बताया कि बुधवार को जिला मुख्यालय में संयुक्त शिक्षक महासंघ से जुड़े सभी शिक्षक संगठनों के पदाधिकारी और सदस्यों ने चार सूत्रीय मांगों को लेकर शासन का ध्यान आकर्षित कराया। इन मांगों में केंद्र के समान महंगाई भत्ता, देय तिथि से लंबित डीए, चार स्तरीय वेतनमान, केंद्र के समान गृह भाड़ा भत्ता, 240 दिन के स्थान पर 300 दिन अर्जित अवकाश नकदीकरण शामिल है। फेडरेशन के संयोजक कमल वर्मा के नेतृत्व में दोपहर 1.30 बजे मशाल जुलूस निकालकर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टोरेट में ज्ञापन सौंपा गया। फेडरेशन के पदाधिकारियों ने चेतावनी दी है, सरकार कर्मचारियों की मांगों को यदि 26 सितम्बर तक पूरा नहीं करती, तो 27 सितम्बर को पूरे प्रदेश के शिक्षक एवं सरकारी दफ्तरों के कर्मचारी अधिकारी तालाबंदी कर सामूहिक अवकाश लेकर आंदोलन में रहेंगे।

### ये उपस्थित रहे

फेडरेशन के आंदोलन में प्रमुख रूप से कमल वर्मा, राजनारायण द्विवेदी, चंद्रशेखर तिवारी, छोटेलाल साहू, हेमलाल साहू, उमेश मुदलियार, पंकज पांडे, राकेश शर्मा, अश्विनी चेलक, युद्धेश्वर ठाकुर, महेन्द्र सिंह बघेल, जय साहू, आलोक जाधव, नरेश वाढेर, संजय शर्मा, सीएल दुबे, बिहारीलाल शर्मा, विमलचंद्र कुंडू, पीतांबर पटेल, रामलक्ष्मण गुप्ता, जवाहर यादव, पवन सिंह, डीआर वर्मा, सुनील नायक, होरीलाल छेदइया, डॉ. अनिरुद्धी परिहार, जयश्री साहू, नलिनी चंद्राकर, संध्या डेविड सहित घटक संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### एसयूसीआई का महंगाई, बेरोजगारी और स्वास्थ्य सेवाओं के निजीकरण के विरोध में प्रदर्शन



सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया के राज्य संगठन समिति छत्तीसगढ़ के आव्हान पर 16 सूत्रीय मांगों को लेकर राजधानी के गांधी मैदान पर महंगाई, बेरोजगारी, शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाओं के निजीकरण का विरोध करते हुए प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर आयोजित राज्य स्तरीय सम्मेलन में राज्यभर से आये छात्र, युवा, महिला, मजदूर, आंगनबाड़ी कर्मी, बिहान कर्मचारी और मितानिन तथा मनरेगा मजदूर शामिल हुए। आयोजन संस्था के सचिव विश्वजीत हारोडे ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, प्रदेश की मेहनतकश जनता महंगाई, बेरोजगारी और महिलाओं पर अत्याचार से पीड़ित है। आदिवासी और अन्य परंपरागत वन निवासी अपने अधिकारों और मांग के लिए आंदोलन कर रहे हैं। राज्य में प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाया जा रहा है, इससे बिजली महंगी हो जायेगी। खाद, कीटनाशक, बीज की कीमतें बढ़ रही हैं। इस नियंत्रण करना जरूरी है।

**प्रमुख मांग इस तरह**

- सरकार के अधीन रिक्त पदों पर जल्द भर्ती की जाये, पुरानी सभी भर्ती परीक्षाओं का रिजल्ट घोषित कर नियुक्ति देने की मांग।
- अनियमित कर्मचारियों को नियमित कर शासकीय कर्मचारी घोषित करने, सरकारी विभागों में लगे ठेका मजदूरों को सीधे विभाग के अंतर्गत शामिल कर नियमित करने संबंधी मांग।
- न्यूनतम वेतन 26 हजार रुपये प्रतिमाह घोषित किया जाए।
- किसानों की सभी उपज का लाभकारी समर्थन मूल्य में खरीदने की गारंटी, खाद, बीज, कीटनाशक और कृषि यंत्रों की कीमत कम करने की मांग।
- मनरेगा में रोजी 600 रुपये, 200 दिन काम देने की व्यवस्था शहरी क्षेत्र में लागू की जाए।

# पीएम आवास की पहली किस्त 15 सितंबर को जारी करेंगे प्रधानमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर



■ आवास प्लस 2024 एप्लिकेशन का शुभारंभ भी करेंगे

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि 15 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 'आवास प्लस 2024' एप्लिकेशन का शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री रायपुर के इंडोर स्टेडियम में आयोजित एक बड़ी सभा के दौरान लगभग साढ़े पांच लाख पात्र नागरिकों के खातों में प्रधानमंत्री आवास योजना की पहली किस्त ऑन लाइन जमा करेंगे। यह छत्तीसगढ़ के लिए एक ऐतिहासिक दिन होगा, जब प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की जाएंगी।

उन्होंने बताया कि भारत सरकार द्वारा अब तक 8,46,931 आवास स्वीकृत हो चुके हैं। इससे 2011 की आवासहीनों की सूची, जिसे परमानेंट वेटिंग लिस्ट कहा जाता है, पूरी हो चुकी है। साथ ही आवास प्लस की सूची में भी यह सुनिश्चित किया जा सकेगा कि जो पात्र नागरिक अभी तक छूटे हुए हैं, उनके नाम 15 सितंबर के बाद जोड़े जा सकेंगे।

### पात्रता के नए नियम जारी

उपमुख्यमंत्री ने पात्रता के नए नियमों की जानकारी देते हुए कहा, अब जिन नागरिकों के पास टू व्हीलर, मछली पकड़ने की नाव, रेफ्रीजरेटर, लैंडलाइन फोन है या जिनकी आय 15,000 रुपए प्रतिमाह तक है, वे भी प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत पात्र माने जाएंगे। साथ ही जिनके पास ढाई एकड़ सिंचित या पांच एकड़ असिंचित भूमि है, वे भी इस योजना का लाभ उठा सकेंगे।

### 1.96 लाख आवास में गृह प्रवेश

उन्होंने बताया कि प्रदेश में सरकार बनने के बाद से लगभग 1,96,000 नए प्रधानमंत्री आवास का निर्माण पूरा हो चुका है, जिनका गृह प्रवेश भी 15 सितंबर को किया जाएगा। आने वाले एक-दो महीनों में शेष बचे लगभग साढ़े 9 लाख नागरिकों को भी प्रधानमंत्री आवास योजना की किस्त प्रदान की जाएगी।

## बिजनेस साइट

### धरम ज्वेलर्स का रायपुर में हुआ भव्य शुभारंभ ज्वेलरी का एक्सक्लूसिव कलेक्शन उपलब्ध



**रायपुर।** धरम ज्वेलर्स ने अपने मध्यभारत के सबसे बड़े सिल्वर शोरूम का उद्घाटन बुधवार को रायपुर में किया। इस भव्य समारोह की शुरुआत इंडियन बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष पृथ्वीराज कोठारी ने की। उद्घाटन के मौके पर पूर्व सांसद सुनील सोनी, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, स्वरूपचंद श्रीश्रीमाल, पारस झाबक, सुरेश कांकरिया, तिलोक बरडिया एवं अन्य गणमान्य उपस्थित थे।
शोरूम के संचालक संजय और यश निमानी ने बताया कि यहां सिल्वर ज्वेलरी, चांदी के गिफ्ट आइटम्स, मूर्तियां, पूजा सेट्स, चांदी के सिक्के और घर की सजावट के सामान उपलब्ध हैं। इसके साथ ही डायमंड, जड़ाऊ, और पोलकी ज्वेलरी की एक्सक्लूसिव कलेक्शन भी उपलब्ध है। उन्होंने आगे कहा कि 40 वर्षों से ग्राहकों के समर्थन और विश्वास के साथ, उन्होंने गुणवत्ता, डिजाइंस और फिनिशिंग में सुधार के लिए इस नए शोरूम की शुरुआत की है।

### प्रगति कॉलेज रायपुर में उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम



**रायपुर।** प्रगति कॉलेज में शिक्षा और पत्रकारिता विभाग द्वारा उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को कौशलयुक्त शिक्षा प्रदान करना था। कार्यक्रम में मुख्य प्रशिक्षक मूर्तिकार नरसिंह फरीकार ने गिली मिट्टी से गणेश प्रतिमा के निर्माण की बारिकियों का सजीव चित्रण किया और मिट्टी के विभिन्न प्रकारों की जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान छात्रों ने मिट्टी, क्ले, आंटे और सिरैमिक जैसे रॉ मटेरियल का उपयोग करके खूबसूरत मूर्तियों का निर्माण सीखा।

### संजीवनी कैंसर हॉस्पिटल द्वारा रोबोटिक्स और एडवांस्ड तकनीक पर एजूकेशनल टॉक



**रायपुर।** एनआईटी रायपुर में बुधवार को रोबोटिक्स और एडवांस्ड तकनीक पर एक विशेष एजुकेशनल टॉक का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में संजीवनी कैंसर अस्पताल के निदेशक और सीनियर सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. यूसुफ मेमन ने मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। डॉ. मेमन ने सर्जरी में रोबोटिक तकनीकों की भूमिका पर चर्चा की। उन्होंने विशेष रूप से कैंसर उपचार में इन तकनीकों के महत्व और संभावनाओं पर प्रकाश डाला।

### शंकरा हुंडई में नई हुंडई अल्काजर लांच



**रायपुर।** शंकरा हुंडई ने पिछले 9 वर्षों से ग्राहकों को उत्कृष्ट सेवा प्रदान की है और इस वर्ष भी शंकरा हुंडई भाठागांव में नई हुंडई अल्काजर को लॉन्च किया गया। इस नई कार की शुरुआती कीमत पेट्रोल वेरिएंट के लिए एक्स-शोरूम कीमत 14,99,000 रुपये और डीजल वेरिएंट के लिए 15,99,000 रुपये रखी गई है। हुंडई अल्काजर को 6 सीटर और 7 सीटर वेरिएंट में पेश किया गया है, जिसमें कई नवीन फीचर्स शामिल किए गए हैं। इस लॉन्च के मौके पर कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रविंदर प्रीत सिंह, महाप्रबंधक घनश्याम सोनी, राहुल ब्राहा, प्रभात मिश्रा, शुभ्रमन्यम, पुरवांश तिवारी और शंकरा हुंडई परिवार के अन्य सदस्य मौजूद थे।

### 'एक पेड़ मां के नाम' थीम पर अदाणी फाउंडेशन का सामुदायिक वनीकरण अभियान



**रायपुर।** अदाणी पावर लिमिटेड ने रायपुर और आसपास के क्षेत्रों में पर्यावरण सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए अदाणी फाउंडेशन के माध्यम से एक सामुदायिक वनीकरण अभियान की शुरुआत की है। इस अभियान के तहत 'एक पेड़ माँ के नाम' थीम पर पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पहले चरण में ग्राम मोहरेंगा के गौठान में पांच हजार पौधों की रोपाई के लक्ष्य के अंतर्गत 2500 लगाए गए। अदाणी पॉवर लिमिटेड, रायपुर द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्वों के तहत अदाणी फाउंडेशन के माध्यम से स्थानीय ग्रामों में शिक्षा, स्वास्थ्य पोषण, पर्यावरण सुधार, समुदाय विकास और ग्रामीण खेल विकास के कार्य किए जा रहे हैं।

### यंग इंडिया और रामा टीएमटी के सहयोग से स्पीच और हियरिंग थैरेपी उपकरणों का दान



**रायपुर।** अर्पण पब्लिक स्कूल में मूकबधिर बच्चों की शिक्षा और संवाद विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यंग इंडिया के तत्वावधान में और रामा टीएमटी के सहयोग से स्पीच और हियरिंग थैरेपी के लिए अत्याधुनिक उपकरणों का दान किया गया। इस पहल के तहत विशेष रूप से मूकबधिर छात्रों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए श्रवण और संवाद विकास कक्ष को विकसित किया गया है। इन उपकरणों के माध्यम से बच्चों की संवाद क्षमता और सीखने की प्रक्रिया को अधिक प्रभावी और सरल बनाया जाएगा। कार्यक्रम में यंग इंडिया के चेयरमैन पंकज सोमानी, अंजलि केजरीवाल अनुजा भंडारी और जुगल मदनानी शामिल हुए।

## ब्लाक, साउथ बिहार और दूरंतो एक्सप्रेस का बदलेगा रास्ता

■ चार ट्रेनें लेट से चलेंगी, 16 से 27 सितंबर तक संचालन प्रभावित

**रायपुर।** चक्रधरपुर रेल मंडल में तीसरी रेल लाइन को आदित्यपुर स्टेशन से जोड़ने ब्लाक लिए जाने की वजह से दूरंतो एक्सप्रेस, साउथ बिहार एक्सप्रेस अपना रास्ता बदलकर चलेगी। इसके साथ चार ट्रेनें अपने निर्धारित समय के बजाए विलंब से संचालित होंगी। इस कार्य के कारण 16 से 27 सितंबर को कुछ ट्रेनों की आवाजाही प्रभावित रहेगी। 28 सितंबर को टाटानगर-बिलासपुर-टाटानगर एक्सप्रेस का संचालन नहीं किया जाएगा। इसके अलावा 18 सितंबर को रानी कमलापति स्टेशन से छूटने वाली शालीमार एक्सप्रेस चक्रधरपुर-कान्ड्रा जंक्शन–आद्रा–मिदनापुर-खड़गपुर होकर रवाना होगी। 27 और 28 सितंबर को आरा से दुर्ग के बीच आवाजाही करने वाली छूटने साउथ बिहार एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग चांडिल- कान्ड्रा जंक्शन –सिनी होकर संचालित होगी। हावड़ा-पुणे दुरंतो एक्सप्रेस 28 सितंबर को खड़गपुर–मिदनापुर-चांडिल-कान्ड्रा जंक्शन–चक्रधरपुर होकर गंतव्य पहुंचेगी।

इस दौरान 22 सितम्बर को मुंबई से रवाना होने वाली मुंबई-हावड़ा एक्सप्रेस 2 घंटे विलंब से रवाना होगी। 27 को योग नगरी ऋषिकेश-पुरी उत्कल एक्सप्रेस 6 घंटे, 28 को जबलपुर-शालीमार एक्सप्रेस तीन घंटे, सांतरागाछी-पुणे एक्सप्रेस 2 घंटे, तथा 29 को रानी कमलापति से संतरागाछी जाने वाली एक्सप्रेस सवा दो घंटे विलंब से संचालित की जाएगी।

## विवादित प्राचार्य को बनाया डीईओ, पूर्व व वर्तमान छात्रों ने की बर्खास्त करने की मांग



■ सारंगढ़ के विद्यार्थियों ने पत्रकारवार्ता में दी जानकारी

**रायपुर।** जिस प्राचार्य के खिलाफ सारंगढ़ में कई तरह के आरोप लगते रहे और वे हमेशा विवादित रहे हैं, उनको हटाने के लिए कई बार छात्रों व क्षेत्र के लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। उन्हें शिक्षा विभाग ने डीईओ बना दिया है। इससे एक बार फिर से छात्रों और पालकों ने उन्हें बर्खास्त करने की मांग करनी शुरू की है। यह जानकारी बुधवार को पत्रकारवार्ता में पूर्व छात्र संघ के अध्यक्ष ओमकार मल्होत्रा ने दी। आगे बताया कि जिले में कई बार आंदोलन के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई, इसलिए अब शासन-प्रशासन को अवगत कराने के लिए राजधानी में वार्ता लेनी पड़ रही है। छात्रों ने कहा कि जिस तरह के गंभीर मामले में उन्हें प्राचार्य के रूप में दोषी ठहराया गया, अब उसे देखते हुए जिला शिक्षा अधिकारी बनाने से पूर्व की तरह अवैध फीस वसूली करने वाले को जिले की कमान देना गलत है। हम स्कूल शिक्षा सचिव, राज्यपाल, मुख्यमंत्री एवं विभागिय मंत्रियों को भी ज्ञापन देकर मांग करने वाले हैं। इसके बाद भी किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं होने पर क्षेत्र के लोग और छात्र आंदोलन करने मजबूर होंगे।

## अधिवक्ता सुरक्षा कानून लागू करे सरकार, हर जिला न्यायालय में अनाचार पीड़िता के लिए खोलें चौकी



■ राष्ट्रीय अधिवक्ता स्वाभिमान सुरक्षा संगठन की मांग

**रायपुर।** उत्तर प्रदेश में महिला अधिवक्ता की निर्मम हत्या के विरोध में प्रदर्शन के बीच राष्ट्रीय अधिवक्ता स्वाभिमान सुरक्षा संगठन ने अब छत्तीसगढ़ के सभी जिला एवं सत्र न्यायालयों में अनाचार पीड़िताओं व महिला अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए पुलिस चौकी खोलने की मांग की है। इस मामले को लेकर संगठन के अधिवक्ता विराट वर्मा ने पत्रकारवार्ता में कहा कि पूर्व में कांग्रेस सरकार से अधिवक्ता सुरक्षा कानून को लागू करने की मांग करने पर भी कोई ठोस पहल नहीं की गई। भाजपा की विष्णु देव सरकार पर भरोसा करते हुए आग्रह करने आए हैं कि इसे गंभीरता से लिया जाए। संगठन के अधिवक्ताओं ने कहा कि अनाचार की हर घटना की निष्पक्ष जांच कराई जाए। इसमें जघन्य अपराध के लिए दोषी पाए जाने वाले आरोपी को कठोरतम दंड के तहत फांसी की सजा दी जाए, ताकि समाज में यह संदेश जाए कि महिला अधिवक्ताओं की सुरक्षा सर्वोपरी है। इसके साथ अधिवक्ता सुरक्षा कानून को प्राथमिकता से लागू करने को लेकर तर्क दिया कि कोर्ट परिसर में कई ऐसे मामले होते हैं, जिसमें महिला अधिवक्ताओं को असुरक्षा का सामना करना पड़ता है। इससे पीड़ितों को न्याय दिलाने की प्रक्रिया में भी दिक्कतें आती हैं।

**पाठक सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

## मसीही युवक-युवतियों का परिचय सम्मेलन 17 को

**रायपुर।** तेरा साथ सेवा केंद्र द्वारा मैग्नेटो मॉल में 17 सितंबर को मसीही युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम सुबह 10 बजे प्रारंभ होगा। सम्मेलन में अविवाहित युवक-युवतियों के अलावा, विधवा, विधुर तथा तलाकशुदा उम्मीदवार भी शामिल हो सकते हैं। संस्था की संस्थापक व संचालक मैरी सिंह और किरण सिंग ने बताया कि सम्मेलन में उम्मीदवारों का बायोडाटा भी मंगवाया गया है। इसे डिस्पेल किया जाएगा। दो फोटो के साथ बायोडाटा के साथ पंजीयन करा सकते हैं। सम्मेलन के 20 दिनों के अंदर बायोडाटा का पीडीएफ बनाकर वॉट्सएप ग्रुप में पोस्ट किया जाएगा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महिला आयोग की सदस्य व महासमुंद नगर पालिका की पूर्व अध्यक्ष अनीता रावटे होंगी।




रामेश्वरम धाम यात्रा
तिरूपति बालाजी, श्री रामेश्वरम, सुन्द्रेश्वर महादेव, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै- माँ मिनाक्षी देवी, त्रिवेन्द्रमपुरम केरला, पद्मनादम् स्वामी, केरला, कन्याकुमारी
यात्रा दिनांक: 13 अक्टूबर 2024, 21 दिसंबर 2024, 19 जनवरी 2025, 16 मार्च 2025
11 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-18,500/-, 3AC-29,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : ग्राउण्ड फ्लोर सिटी सेंटर मॉल पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)




By Train-रिजर्वेशन कोच
18 सितम्बर से 30 सितम्बर 2024
09 अक्टूबर से 21 अक्टूबर 2024
06 नवम्बर से 18 नवम्बर 2024
19 दिसंबर से 31 दिसंबर 2024
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), वाराणसी (काशी विश्वनाथ), गोरखनाथ मंदिर, पशुपतिनाथ, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), माँ मनोकामना देवी, पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फाल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (भोलेनाथ मंदिर, बुढ़ानिलकंड, सांघा), काठमांडू दरबार, भक्तपुर, जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी
राशिः-स्लीपर 18500/- 3 एसी 27,500/-2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

हरिभूमि

रायपुर, गुरुवार 12 सितंबर 2024

लाइव

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937





02

कृष्ण संग जो कर निवासा... कृष्ण करे....


## कैंपस इवेंट

## कैंसर के इलाज में अब रोबोटिक्स से मिल रही मदद



रायपुर। नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में रोबोटिक्स और एडवांस्ड तकनीक के उपयोग पर एक विशेष टॉक का आयोजन किया गया। व्याख्यान संजीवनी कैंसर अस्पताल के निदेशक और सीनियर सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. यूसुफ मेमन द्वारा दिया गया। पैलिएटिव विशेषज्ञ डॉ. अविनाश तिवारी भी मौजूद रहे। इस टॉक का उद्देश्य छात्रों और स्टाफ को कैंसर और अन्य बीमारियों में नवीनतम तकनीक के लाभ के बारे में जानकारी प्रदान करना था। डॉ. मेमन ने सर्जरी में रोबोटिक तकनीकों की भूमिका पर चर्चा की और बताया कि कैसे ये उन्नत तकनीकें सटीकता को बढ़ाकर इलाज की गुणवत्ता में सुधार कर रही हैं। उन्होंने विशेष रूप से कैंसर उपचार में इन तकनीकों के महत्व और उनकी संभावनाओं पर जोर दिया।

### नियमित जांच का महत्व समझें छात्र

चिकित्सकों ने अस्पताल में उपलब्ध उन्नत सुविधाओं जैसे कि रोबोटिक सर्जरी, एडवांस्ड स्कैन की जानकारी देते हुए कार्यप्रणाली और महत्व पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि तकनीकें व्यक्तिगत इलाज की दिशा में एक नई राह खोल रही हैं और चिकित्सा क्षेत्र में क्रांति ला रही हैं। इस टॉक के अंत में, छात्रों ने तकनीक के विभिन्न पहलुओं पर अपने सवाल पूछे। डॉक्टर्स ने छात्रों को नियमित चिकित्सा जांच के महत्व के बारे में बताया और अपने भविष्य के कॅरियर में इन ज्ञान का उपयोग करने की सलाह दी।

## सिटी इवेंट

## लोग अपने धर्म को लेकर हो गए हैं कुएं के मेंढक



रायपुर। स्वामी विवेकानन्द ने भारतीय नवजागरण में अमुल्य योगदान दिया। उनका नाम विश्व संस्कृति के उत्थान में आज भी स्वर्णाक्षर में अंकित है। उन्हें रायपुर की यात्रा के दौरान ही भाव समाधी हुई, इसलिए रायपुर उनकी आध्यात्मिक जन्म स्थली है। रायपुर नगर में उन्होंने जो प्रशिक्षण प्राप्त किया, वह नरेन्द्रनाथ से विवेकानन्द बनने में सहायक हुए। उक्त बातें विवेकानन्द मानव प्रकर्ष संस्थान में 'विश्व भ्रातृत्व दिवस' के अवसर पर आयोजित परिसंवाद में विशेषज्ञों ने कही। विवेकानन्द विद्यापीठ के सचिव डॉ.ओमप्रकाश वर्मा ने कहा, प्रत्येक व्यक्ति को आत्मज्ञान कराना उनके जीवन का मूल उद्देश्य था। उन्होंने आध्यात्मिकता के माध्यम से विश्व भ्रातृत्व की भावना को फैलाने का प्रयास किया।

### धर्म का वास्तविक स्वरूप आत्मानुभूति

अध्यक्षता कर रहे रविवि के कुलपति प्रो. सच्चिदानन्द शुक्ल ने अपने उद्बोधन में कहा, स्वामी विवेकानन्द ने भारतीय संस्कृति की बड़ी लकीर विश्व पटल पर अंकित की है। बालक नरेंद्र सहज रूप से स्वामी विवेकानंद नहीं बने अपितु उन्होंने अनेक कठिनाइयों का सामना किया। प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में अपने को गढ़ने का एक अवसर जरूर आता है। वक्ता के रूप में डॉ. सुभाष चंद्राकर ने कहा कि आज हम अपने-अपने धर्म को लेकर कुएं के मेंढक के समान हो गए हैं। जबकि भारतीय संस्कृति में धर्म का वास्तविक स्वरूप आत्मानुभूति है। कार्यक्रम में राज्य के विभिन्न महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय के प्राध्यापक, छात्र-छात्राओं एवं शहर के गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया।

## लाइव इवेंट

## बच्चों ने भरे मनचाहे रंग बताई संस्कृत की महत्ता



रायपुर। महाराष्ट्र मंडल द्वारा शहीद मेजर यशवंत गोरे स्मृति गणेशोत्सव के अंतर्गत विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसके चौथे दिन वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका विषय 'कक्षा पहली से 12वीं तक संस्कृत विषय की अनिवार्यता' रहा। स्पर्धा के दौरान स्कूली बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इसमें दोनों ही पक्ष के प्रतिभागियों ने शानदार प्रस्तुति दी। इस अवसर पर निबंध, सुलेख व रंग भरो प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। आयोजन में 50 से अधिक छात्रों ने स्पर्धा में हिस्सा लिया। नन्हें बच्चों को गणेश भगवान के चित्र पर मनचाहा रंग भरने का अवसर दिया गया। परिजन अपने बच्चों को प्रोत्साहित करते नजर आए।

### सुलेख में कार्तिकेय प्रथम

युवा समिति की प्रमुख शुचिता देशमुख व सह प्रमुख रीना बाबर ने बताया, आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों का कौशल विकास करना व कला को प्रोत्साहित करना रहा। रंग भरो प्रतियोगिता में निर्णायक के रुप में अजय पोतदार उपस्थित रहे। सुलेख प्रतियोगिता में बालाजी स्कूल के कार्तिकेय प्रजापति प्रथम, बालाजी स्कूल की अनिका अंसारी द्वितीय और संत ज्ञानेश्वर स्कूल की खुशी सहारे तृतीय रहीं। निबंध लेखन में संत ज्ञानेश्वर की इफ्फत पटेल विजेता और भारत माता स्कूल के हस्सी सिंह उप विजेता रहे। वाद-विवाद प्रतियोगिता में राजकुमार कालेज की छात्रा पलक नैनानी, संत ज्ञानेश्वर स्कूल की छात्रा हर्षिका यादव व राजकुमार कालेज की छात्रा आशी जैन को सम्मानित किया गया।

### छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी समाज चुनाव : 15 सितंबर के पूर्व भंग की जाएगी वर्तमान कार्यकारिणी

# कुर्मी समाज का बड़ा चुनाव, विस-पंचायत की तरह गांव-गांव में बनेंगे बूथ, दो लाख वोटरों की उंगलियों में लगेगी अमिट स्याही

छत्तीगसढ़ मनवा कुर्मी समाज अक्टूबर माह में अपना नया केंद्रीय अध्यक्ष चुनेगा। इसके लिए सदस्यता प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। मतदाता सूची का प्रकाशन अगले सप्ताह किया जाएगा। ना सिर्फ केंद्रीय अध्यक्ष बल्कि 6 राज प्रधानों के लिए भी चुनाव होंगे। छग मनवा कुर्मी समाज के अध्यक्ष चोवाराम वर्मा के आकस्मिक निधन पश्चात यह पद रिक्त है। उनका कार्यकाल अक्टूबर माह में समाप्त होने वाला था। केंद्रीय अध्यक्ष और राज प्रधान दोनों का ही कार्यकाल 3-3 वर्षों का होगा।



### दो राज प्रधान पद महिला आरक्षित

छग मनवा कुर्मी समाज को अब तक केंद्रीय महिला अध्यक्ष नहीं मिल सकी है। लेकिन रोटेशन के तहत राज प्रधान के पदों को महिलाओं के लिए आरक्षित किया जाता है। इस बार धमधा राज और बलौदाबाजार राज महिला राजप्रधान के लिए आरक्षित है। केंद्रीय अध्यक्ष चुनाव के लिए इस बार एकमात्र महिला प्रत्याशी सरोज वर्मा चुनाव मैदान में है। जबकि पिछली बार तीन महिला प्रत्याशियों ने अध्यक्ष पद के लिए दावेदारी पेश की थी।

**रायपुर।** खास बात यह है कि कुर्मी समाज के चुनाव में पूर्णतः लोकतांत्रिक प्रक्रिया अपनाई जाएगी। विधानसभा और लोकसभा चुनावों की तरह गांव-गांव में बूथ बनेंगे। इस बार अध्यक्ष पद के दावेदारों में अजीत मढ़रिया, खोरड़ कश्यप, दशरथ वर्मा, नरेंद्र कश्यप, सरोज वर्मा, अनिल नायक और श्री बंछोर के नाम शामिल हैं। नामांकन 22 सितंबर को भरा जाएगा। नाम वापसी 25 सितंबर तक हो सकेगी। 20 अक्टूबर को सुबह 8 बजे से दोपहर 3 बजे तक मतदान होगा। इसके पश्चात 3.30 से 6 बजे तक मतगणना होगी। अर्थात मतदान के कुछ घंटे पश्चात ही नतीजे आ जाएंगे।

### 10 राज में विभक्त है छत्तीसगढ़

कुर्मी समाज द्वारा पूरे छत्तीसगढ़ को 10 राज में बांटा गया है। इनमें रायपुर राज सहित तिल्दा, बलौदाबाजार, धमधा, फलारी और दुर्ग राज में प्रधान पद के लिए चुनाव होंगे। जबकि पाटन, चंदखुरी, धरसींवा और अर्जुनी राज में पदस्थ राज प्रधान का कार्यकाल अभी समाप्त नहीं हुआ है। यहां के राज प्रधानों का कार्यकाल आने वाले एक से दो सालों में खत्म होगा। कार्यकाल समाप्ति के बाद ही यहां चुनाव होंगे। राज प्रधान के अलावा पूरे प्रदेश के लिए एक केंद्रीय अध्यक्ष भी चुना जाता है। इसके लिए सभी राज के मतदाता वोट डालेंगे। यह दूसरी बार है, जब केंद्रीय अध्यक्ष के लिए प्रत्यक्ष प्रणाली से चुनाव हो रहा है। इसके पूर्व राज प्रधान मिलकर केंद्रीय अध्यक्ष का चुनाव करते थे।

### सदस्यता अभियान पूर्ण 2 लाख अनुमानित मतदाता

जुलाई माह में ही सदस्यता प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई थी। इसके लिए 20 रुपए की सदस्यता पर्ची कटवाई गई। मतदाता सूची का प्रकाशन 15 सितंबर को संभावित है। काटी गई पर्चियों के मुताबिक, चुनाव में 2 लाख मतदाता शामिल होंगे। मतदान के दौरान इन्हें अपने साथ परिचय पत्र अनिवार्य रूप से लाना होगा। इसके लिए समाज द्वारा 11 परिचय पत्र की सूची जारी की गई है, जो मान्य रहेगी। चुनाव के दौरान निर्वाचन आयोग की तर्ज पर कुर्मी समाज द्वारा भी तर्जनी ऊंगली पर नीली स्याही लगाई जाएगी, जिससे किसी भी तरह के फर्जीवाड़े से बचा जा सके।

### बनेंगे 60 से 70 बूथ

चुनाव प्रभारी ऋषि वर्मा ने बताया कि गांवों की संख्या के आधार पर 60 से 70 बूथों का निर्माण संभावित है। जिन गांवों अथवा शहरों में मतदाता कम होंगे, उन्हें समीपस्थ के बूथ से जोड़ा जाएगा। इसकी सूचना चुनाव पूर्व ही जारी कर दी जाएगी। प्रत्येक बूथ में पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं की नियुक्ति की जाएगी, जिससे चुनाव प्रक्रिया का संचालन सुचारू रूप से हो सके। 28 अगस्त को चुनाव कार्यकारिणी की बैठक हुई थी। इसमें चुनाव संबंधित कई तरह के फैसले लिए गए।

### फैक्ट फाइल

- चुने जाएंगे केंद्रीय अध्यक्ष व राज प्रधान, सभी का कार्यकाल होगा 3 वर्षों का
- लगातार दूसरी बार केंद्रीय अध्यक्ष का चुनाव होगा प्रत्यक्ष प्रणाली से
- मैदान में इस बार सिर्फ एक महिला प्रत्याशी, पिछली बार तीन ने भरा था नामांकन
- अब तक कुर्मी समाज को नहीं मिल सकी है केंद्रीय महिला अध्यक्ष
- धमधा राज और बलौदाबाजार राज इस बार महिला राजप्रधान के लिए आरक्षित
- 10 राज में विभाजित है छग में कुर्मी समाज, इनमें से 6 राज में होंगे चुनाव
- 15 सितंबर को होगा मतदाता सूची का प्रकाशन
- बगैर पहचान पत्र नहीं डाले जा सकेंगे वोट
- विधानसभा और लोकसभा चुनावों की तरह हाथों में लगेगी नीली स्याही, इसके लिए दिए गए हैं ऑर्डर

# सूबेदार और एसआई के 341 पदों पर होगी भर्ती फिजिकल टेस्ट सहित पांच चरणों में होगी परीक्षा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ पुलिस में लंबे समय बाद सूबेदार और उप निरीक्षक के पदों पर भर्ती की तैयारी है। वित्त विभाग ने इसको मंजूरी दे दी है। भर्ती की प्रक्रिया जल्द शुरू होगी। अधिकारियों ने बताया कि सूबेदार और एसआई के कुल 341 पदों पर भर्ती की मंजूरी वित्त विभाग से मिली है। सूबेदार के 19, उप निरीक्षक के 278 पद के अलावा उप निरीक्षक (विशेष शाखा) 11 पद, प्लाटून कमांडर के 14 और उप निरीक्षक साइबर क्राइम के 9 पद शामिल हैं। बताया गया है कि स्वीकृत 341 पद नए हैं। वर्तमान में चल रही करीब 960 पदों पर भर्ती की प्रक्रिया से इसकी प्रक्रिया अलग चलेगी। पुलिस मुख्यालय इसके लिए नए सिरे से आवेदन आमंत्रित करेगा।

### सूबेदार-एसआई भर्ती को वित्त विभाग की मंजूरी



#### लिखित परीक्षा के दो चरण

विभाग के अधिकारियों के ने बताया कि एसआई के पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया सामान्यतः पांच चरणों में होती है। सबसे पहले फिजिकल मापदंड होता है। इसके बाद प्रारंभिक लिखित परीक्षा होती है। इसमें उत्तीण परीक्षार्थियों को मुख्य परीक्षा के लिए योग्य घोषित किया जाता है। इसके पश्चात साक्षात्कार होते हैं। इसमें सफल अभ्यर्थियों को फिजिकल टेस्ट से गुजरना होता है। सामान्यतः फिजिकल मापदंड और फिजिकल टेस्ट की प्रक्रिया पुलिस विभाग स्वयं पूरी करता है। लिखित परीक्षाओं और साक्षात्कार के लिए व्यापम अथवा पीएससी से संपर्क किया जाता है।

फिलहाल वित्त विभाग द्वारा इन पदों के लिए केवल स्वीकृति दी गई है। इन पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी नहीं किया गया है। विज्ञापन जारी किए जाने के बाद ही आवेदन सहित अन्य प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी।

पुलिस विभाग द्वारा अब तक यह तय नहीं किया गया है कि इन पदों के लिए भर्ती परीक्षा का आयोजन स्वयं उनके विभाग द्वारा किया जाएगा अथवा पीएससी या व्यापम को इसका जिम्मा दिया जाएगा।

### तय होगी पात्रता

इन पदों के लिए कौन आवेदन कर सकेगा, आयु सीमा, वेतनमान सहित अन्य अहर्ताएं निर्धारित करने के बाद इसके लिए विज्ञापन जारी किए जाएंगे। सूत्रों के अनुसार, इन पदों के लिए सितंबर अंत अथवा अक्टूबर माह तक विज्ञापन जारी हो सकते हैं। विज्ञापन जारी होने के बाद विभाग द्वारा अपने वेबसाइट पर भी विस्तृत अधिसूचना अपलोड कर दी जाएगी।



# 'कैपिटल गेम्स लीग' जीतने शतरंज में दौड़ाए दिमागी घोड़े

**रायपुर।** जेसीआई कैपिटल द्वारा आयोजित 'कैपिटल गेम्स लीग' में जेसीआई सदस्यों और गैर-जेसीआई प्रतिभागियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसमें कैरम और शतरंज के खेलों का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जेसीआई सदस्यों और गैर-जेसीआई प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कैरम में शुभम बरडिया विजेता रहे। शतरंज में राहुल रामपुरिया और किरण बिसले ने प्रतियोगिता अपने नाम की। 56 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। सभी विजेताओं को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। निशित गोहिल रहे, चित्रांक चोपड़ा, श्रीकांत पारख सहित अन्य समिति सदस्य शामिल हुए।

### उमड़ती-घुमड़ती अथाह जलधारा के बीच सुंदर नजारा

# खारुन लबालब, भव्यता ऐसी कि नजर ठहर जाए, आसमान से रंगीन तितलियों की शक्ल में नजर आ रही नौकाएं

कार्नर न्यूज

रायपुर। शहर की जीवनदायिनी खारुन इन दिनों पूरे शबाब पर है। भव्यता ऐसी कि नजर ठहर जाए। आसमान में उड़ते ड्रोन से यदि इसी दृश्य को देखा जाए, तो नदी तट पर एक लाइन से खड़ी नौकाएं रंगीन तितली की शक्ल में नजर आ रही हैं। यही नहीं, एक छोर से दूसरे छोर तक लबालब पानी के बीच कुदरत की खूबसूरती देखते ही बन रही है। नदी में उफान और पुल के बीच महज 2 से 2.5 फीट का फासला रह गया है। जल विभाग के अधिकारियों का कहना है कि एक दो दिन और तेज बारिश हुई, तो पुल के ऊपर से पानी बहने का नजारा भी सामने होगा।



### सभी नौकाएं अब घाट किनारे सुरक्षित

दरअसल, खारुन नदी के बदलते स्वरूप ने लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा है। रायपुरा से अमलेश्वर होकर पाटन आने-जाने वाले मार्ग पर पुल से होकर गुजरने वालों को यह सुंदर नजारा देखने को मिल रहा है। महादेवघाट के पास स्थित लक्ष्मण झूला दूर से आकर्षक नजर आ रहा है। हालांकि नदी में उफान को देखते हुए लक्ष्मण झूले को सुरक्षा की दृष्टि से इन दिनों पूरी तरह से बंद रखा गया है। आगंतुकों के लिए पूर्व में स्थानीय मछुआरों ने रंगीन सजावट वाली नाव नौकाविहार के लिए रखी थी। नदी में तेज बहाव को देखते हुए ये सभी नौकाएं अब घाट किनारे सुरक्षित जगह पर लगा दी गई हैं।



## गणेशोत्सव 2024


श्री महादेव परिवार, गोपिया पारा, पुरानी बस्ती


श्री नवयुवक गणेशोत्सव समिति, सिद्धार्थ चौक


कारगिल चौक, सुंदर नगर


यूनिहोम्स, भाठागांव


सफायर ग्रीन सोसायटी


श्री राम भक्त गणेशोत्सव समिति साहू पारा, भाठागांव


श्री मित्र मंडल गणेशोत्सव समिति, महामाई पारा


संघर्ष क्लब, आरकेसी के सामने


हमर हरी हर परिवार, चिंतामणी मंदिर, चौबे कॉलोनी


हिंदू संगठन परिवार समिति गणेश नगर, रायपुरा


शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, समता कॉलोनी


समता कॉलोनी गणेशोत्सव समिति


नवयुवक गणेशोत्सव समिति, आजाद चौक

### इस्कॉन मंदिर में राधा रानी ने धारण किए डेढ़ लाख कीमती पोशाक, दही-अरबी की सब्जी का भोग

# कृष्ण संग जो कर निवासा... कृष्ण करे जिन पर विश्वासा

कृष्ण जन्माष्टमी की तरह शहर के राधा-कृष्ण मंदिरों में बुधवार को राधाष्टमी धूमधाम से मनाई गई, जहां सुबह से देर रात तक भक्तों की लंबी कतार मंदिर प्रांगण में देखने को मिली। सुबह से ही मंदिरों में राधा रानी की उपासना प्रारंभ कर दी गई। कुछ मंदिरों में कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। जहां राधा रानी का अवतरण उत्सव उत्साह के साथ श्रद्धालु मनाते नजर आए।

रायपुर। टाटीबंध स्थित इस्कॉन मंदिर के सदस्य भोला साहू ने बताया, सुबह से देर रात तक भक्तों की भीड़ परिसर में देखने को मिली। भक्त राधा-राधी के दर्शन मात्र के लिए घंटों इंतजार करते रहे। सुबह अभिषेक के पश्चात श्रृंगार किया गया। जहां मुख्य रुप से 108 व्यंजनों का भोग राधा रानी को अर्पित किया गया। प्रत्येक वर्ष राधाष्टमी के अवसर पर राधा रानी का प्रिय व्यंजन दही-अरबी की सब्जी भोग में शामिल किया जाता है।

### वर्ष में एक बार मिलते हैं चरणों के दर्शन

राधा रानी के चरणों के दर्शन करने का अवसर श्रद्धालुओं को दिया गया। यह मौका वर्ष में एक बार ही मिलता है। चांदी के पायल व बिछिया भी राधा रानी को पहनाई गई। इस दौरान मंदिर परिसर में भक्त भजनों की धून पर झूमते नजर आए। सभी राधा नाम का जाप करते नजर आए। मंदिर परिसर में कुछ युवतियां राधा रानी की सखी के रुप में पहुंची।


इस्कॉन मंदिर


जैतुसाव मठ

### वृंदावन से आए जरी वर्क के मुकुट


समता कालोनी स्थित राधे-कृष्ण मंदिर के पुजारी राजेश शर्मा ने बताया, मंदिर परिसर को फूलों से सजाया गया। सुबह आरती से पूर्व दूध से प्रतिमा का अभिषेक किया गया। जिसके पश्चात 56 भोग अर्पित किया गया। राधाष्टमी के अवसर पर कई मिष्ठान विशेष रुप से अर्पित किए गए। वृंदावन से लाए गए पोशाक व मुकुट से श्रृंगार हुआ। इसे विशेष रुप से जरी वर्क के साथ तैयार किया गया। पूजन के दौरान समिति के अध्यक्ष घनश्याम पोद्दार, उपाध्यक्ष शिव सिंघानिया, कोषाध्यक्ष प्रकाश अग्रवाल एवं सचिव रमाशंकर पांडे मुख्य रुप से उपस्थित रहे।

### दीक्षा ले चुके श्रद्धालु ही तैयार करते हैं पोशाक


इस्कॉन मंदिर

डेढ़ लाख रुपए की लागत से तैयार राधा रानी व श्री कृष्ण के पोशाक तैयार किए गए थे। सुबह अभिषेक के पश्चात राधारानी व श्रीकृष्ण का भव्य श्रृंगार किया गया। पोशाक में जरी वर्क गोल्डन व सफेद रंग के कपड़े पर किया गया। गोल्डन स्टोन, गोल्डन लेस व अन्य डिजाइनर मोतियों से सजाया गया। पोशाक को वृंदावन के इस्कॉन मंदिर से दीक्षित दक्षों द्वारा ही मुख्य रुप से तैयार किया जाता है। इसे तैयार करने में 1 माह का वक्त लगा।

### नृत्य नाटिका का मंचन


गोपाल मंदिर, सदर बाजार

सदर बाजार स्थित गोपाल मंदिर में पूजन व नृत्य नाटिका का आयोजन किया गया। ट्रस्टी राज किशोर नत्थानी ने बताया, माहेश्वरी महिला समिति की महिलाओं द्वारा राधा जन्मोत्सव को नृत्य नाटिका के माध्यम में प्रस्तुति किया गया। 10-12 महिलाओं ने 40 मिनट की प्रस्तुति में श्रीकृष्ण, राधा रानी व राधा के माता-पिता कीर्तिदा देवी और वृषभानु का प्रसंग प्रस्तुत किया।

### मध्यान्ह में जन्म, इसलिए दोपहर में सजी भजन मंडली

*जैतुसाव मठ के महंत राम सुंदर ने बताया, राधाष्टमी के अवसर पर सुबह 5 बजे पंचामृत के राधा रानी का अभिषेक कराया गया। जिसके पश्चात भव्य श्रृंगार किया गया। अवतरण अवसर पर भगवान राधा-कृष्ण को नवीन पोशाक धारण कराया गया। जिसे विशेष रुप से राधाष्टमी के लिए शहर में ही तैयार कराया गया। मान्यता के अनुसार राधा रानी का जन्म दोपहर के वक्त हुआ था, जिसके कारण मंदिर में भी दोपहर में भजन मंडली द्वारा भजन गायन किया गया। राधाष्टमी पर पूड़ी, हलवा, सीरा व खीर का विशेष भोग राधा माता को अर्पित किया गया।*

### सुगंधित पुष्पों व रजत आभूषणों से श्रृंगार

*महादेव घाट स्थित राधा-कृष्ण मंदिर के पुजारी दिनेश गिरी गोस्वामी ने बताया, सुबह 7:30 बजे मंदिर परिसर में अभिषेक किया गया। जिसके पश्चात सुबह 11 से 2 बजे तक राधा रानी व श्री कृष्ण का भव्य श्रृंगार किया गया। श्रृंगार के दौरान नवीन पोशाक के साथ फूल व सोने चांदी के आभूषणों से प्रतिमा को सजाया गया। कृष्ण जन्माष्टमी की तरह प्रत्येक वर्ष राधाष्टमी को भी धूमधाम के साथ मनाया जाता है। शाम 6 बजे 56 भोग राधा रानी को अर्पित किए गए। रात 8 बजे महाआरती की गई।*


राधा-कृष्ण मंदिर, समता कालोनी

# स्वच्छता, शुचिता, पवित्रता व निर्मलता ही शौच धर्म, अशुद्धि से मलिन होती है आत्मा

### जैन मंदिरों में दस लक्षण पर्युषण महापर्व का आयोजन

**रायपुर।** मालवीय रोड स्थित श्री आदिनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर में पर्युषण महापर्व के अवसर पर जिनालय के पूर्व अध्यक्ष संजय जैन नायक ने उत्तम शौच धर्म की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि स्वच्छता, शुचिता, पवित्रता व निर्मलता को ही शौच धर्म कहा जाता है। कषाय परिणाम से आत्मा मलिन होती है। आत्मा से अशुद्धि को हटाना, मलिनता दूर करना शुचिता कहलाता है। लोभ, कामना, कषाय से किसी भी वस्तु को प्राप्त नहीं किया जा सकता है। इसके लिए व्यक्ति में पुण्य, दया, करुणा, गुरु सेवा, प्रभु भक्ति और तप जरुरी है।



### 10 वर्षों तक ही रहता है कपट से कमाया गया धन

*फाफाडीह स्थित श्री दिगंबर जैन खंडेलवाल मंदिर में पर्वाधिराज दशलक्षण महापर्व के अवसर पर उत्तम शौच धर्म की आराधना की गई। भक्तों ने प्रातःकाल अभिषेक शांतिधारा से लेकर पर्व पूजाएं की। शास्त्र सभा में पं.नितिन जैन ने कहा, आर्जव धर्म का अर्थ है, ऋजुता या सरलता। स्वयं को नम्र बनाना, स्पष्टवादी बनना और अपने आचरण को सरल रखना ही सो उत्तम आर्जव है। समान्य शब्दों में आर्जव का अर्थ छल-कपट का त्याग करना है। कपट से कमाया धन दस वर्षों तक ही साथ रहता है और ग्यारहवें वर्ष में धन समूल नष्ट हो जाता है।*

### सरल दिखना आसान लेकिन सरल बनना कठिन

डीडी नगर स्थित दिगंबर जैन मंदिर में भी उत्तम शौच धर्म का पालन कराया गया। कटंगी मध्यप्रदेश से आए बाल ब्रह्मचारी अरूण भैया ने बताया कि मन की ऋजुता अर्थात सरलता का होना आर्जव धर्म है। मानव का सरल दिखना आसान हो सकता है, मगर सरल बनना बहुत कठिन है। हम श्रृंगार, सौंदर्य प्रसाधनों के माध्यम से शरीर को सुंदर बनाने में व्यर्थ ही समय गवां रहे हैं, जबकि असली सौंदर्य तो मन की शुचिता, तप, साधना से आता है। पर्व के दौरान मंदिर में प्रतिदिन संगीतमयी विशेष पूजन विधान कराए जा रहे हैं।



# हाथों में सजाई मेहंदी, सम्मान में गायन ऊंट व घोड़े संग कल 'विजय वरघोड़ा'

**रायपुर।** एमजी रोड स्थित जैन दादाबाड़ी में बुधवार का दिन त्याग-तपस्या के नाम रहा। यहां महान सिद्धि तप के तपस्वियों का बहुमान रखा गया था। इसमें 44 दिन की कठोर तपस्या कर रहे 91 तपस्वियों को शाही ठाठ से सम्मानित किया गया। मुंबई से आए सुप्रसिद्ध संकेत गांधी और नासिक के हर्ष शाह ने इस दौरान भक्ति गीत गाए। तपस्या की महिमा बताते इन गीतों ने लोगों को इतना प्रभावित किया कि जो जहां था, वहीं भाव-विभोर होकर झूमने लगा। त्याग का सम्मान करने के लिए यहां शहरभर से जैन समाज के लोग उमड़े थे। तपस्वियों के शाही बहुमान सुबह 8.30 बजे शुरू हुआ।

### पदार्थो के प्रति आसक्ति ही दुख का कारण

धर्मसभा में विनय कुशल मुनि और विराग मुनि ने कहा, संसार की यात्रा में जीव ने सभी गतियों में कैसे-कैसे दुख प्राप्त किए हैं, यह किसी से छिपा नहीं। पदार्थो के प्रति आसक्ति ही दुख का कारण है। आसक्ति ही कर्म बंध का कारण है। विरागी जीव कर्मों से छूटता है। कर्मों की बेड़ियों से छुटकारा पाना है, तो जीवन में विरागी बनना होगा। यानी किसी चीज का राग नहीं। त्याग-तप से ही जीवन महान बनता है। तप-त्याग बिना लौकिक क्षेत्र में भी सफलता नहीं मिलती। जब लौकिक क्षेत्र में तप-त्याग का इतना महत्व है, तो फिर मोक्ष मार्ग में बिना तप-त्याग के सफलता कैसे मिलेगी।

### विंटेज कार भी होंगे आकर्षण का केंद्र

चातुर्मास समिति के अध्यक्ष पारस पारख ने बताया, सांझी मेहंदी कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। रात्रिकालीन कार्यक्रम में मुंबई और नासिक से आए सुप्रसिद्ध संगीतकारों ने भक्ति भजनों से प्रभु भक्ति का ऐसा समां बांधा कि लोग देर रात तक झूमते रहे। शुक्रवार सुबहसदर बाजार स्थित ऋषभदेव जैन मंदिर से तपस्वियों का विजय वरघोड़ा (शोभायात्रा) निकाला जाएगा, जो दादाबाड़ी पहुंचकर समाप्त होगा। इस शोभायात्रा में ऊंट, घोड़ा, बाजे-गाजे के साथ विंटेज कार भी आकर्षण का केंद्र रहेंगे।

### गुढ़ियारी गणेश उत्सव समिति पड़ाव में 105 वर्षों से निभाई जा रही परंपरा

# नंदगांव की तरह सजा पड़ाव, कृष्ण की बाललीला रासलीला संग झांकियों में कालिया मर्दन का दृश्य

कार्नर न्यूज



**रायपुर।** गणेशोत्सव को 105 वर्षों से खास बनाने का प्रयास गुढ़ियारी पड़ाव गणेश उत्सव समिति द्वारा किया जाता रहा है। इस बार दुर्ग के प्रवेन्द्र मल्होत्रा (जंगी) ग्रुप से जुड़े 20 कारीगरों को मूर्ति व झांकी के साथ ही स्थल सज्जा की जिम्मेदारी दी गई। समिति ने इस वर्ष पड़ाव को नंदगांव की तरह खास लुक दिया है। समिति के मार्गदर्शक हेमचंद शर्मा व अध्यक्ष मनोज राठी ने बताया कि गणेश उत्सव समिति की स्थापना 105 साल पहले की गई थी। उस दौर में कुछ प्रमुख स्थानों पर ही गणेश स्थापना की जाती थी। पहले समिति द्वारा गणेश विसर्जन में ही झांकियां प्रदर्शित की जाती थी। उसमें धार्मिक और पौराणिक कथाओं को दर्शाने वाली झांकियां शामिल की जाती थी। हर साल पड़ाव को अलग-अलग थीम पर सजाया जाता है।





### कारावास में नंदबाबा की झलक

नंदगांव की झांकी में प्रवेश करते ही वासुदेव कारागार में नजर आते हैं। भगवान कृष्ण को टोकरी में डालने के बाद उन्हें सिर पर रखकर जमुना नदी पार करते हुए नंद बाबा की मनमोहक झलक को देखने के बाद लोग मोबाइल में फोटो खिंचने उत्साही नजर आ रहे हैं। निकासी द्वार पर गोपियों संग होली खेलते कृष्ण की झांकी उनकी नटखट बाललीला और प्रेम की याद भी दिला रही है। रासलीला के दृश्यों को समिति के सदस्यों की मांग पर जंगी ग्रुप ने आकर्षक श्रृंगार से खास बनाया है। कृष्ण-राधा नृत्य और लीलाओं को प्रदर्शित किया गया है। नंदगांव की तरह इस बार छोटे-छोटे घर बनाए गए हैं।

### 30 से ज्यादा चलित व स्थाई झांकी

समय के साथ समिति झांकियों की बजाय स्थल सज्जा को आकर्षण का केन्द्र बनाने के लिए पहल करती है। इस बार दर्शन के लिए आने वाले लोगों को स्थायी रूप से सुंदर और भावनात्मक अनुभव कराने का प्रयास किया गया है। सजावट की पूरी जिम्मेदारी इस बार जंगी ग्रुप ने ढाई महीने में पूरी की है। इसमें 30 से ज्यादा चलित एवं स्थाई सज्जा के रूप में सजाई गई झांकियों को कलाकारों ने नंदगांव में भगवान कृष्ण की लीलाओं को समर्पित किया है। पड़ाव में दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को कृष्ण की बाललीला, रासलीला और कालिया मर्दन के दृश्य चलचित्र के रूप में दिखाने का प्रयास किया है। आयोजन में राकेश दुग्गड़, प्रकाश माहेश्वरी, सुरेंद्र दुग्गड़, संजय मित्तल, पार्षद विनोद अग्रवाल का विशेष सहयोग मिल रहा है। समिति ने शाम 6 बजे से लेकर रात 12-1 बजे तक रहने वाली भक्तों की भीड़ को व्यवस्था से जोड़ने के लिए अध्यक्ष मनोज राठी ने युवा वालेंटियर्स के साथ ही पुराने सदस्यों को भी शामिल किया है।



## सिटी स्पोर्ट्स

### क्रिकेट में छत्तीसगढ़ को बढ़त सुमीत ने बनाए 86 नाबाद रन



**रायपुर।** कर्नाटक स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा डॉ. (कैप्टन) के. थिम्माप्पिया मेमोरियल क्रिकेट टुर्नामेंट 2024-25 का आयोजन 4 सितंबर से किया जा रहा है। जिसमें छत्तीसगढ़ की सीनीयर टीम का दूसरा मैच (9-12 सितंबर) बैंगलूरु, कर्नाटक में गोवा के विरुद्ध खेला गया। तीसरे दिन छत्तीसगढ़ ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ़ ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 135.4 ओवरों में 10 विकेट खोकर 467 रन बनायें। छत्तीसगढ़ की ओर से कप्तान शशांक सिंह ने 136 रनों की शानदार पारी खेली तथा टीम का स्कोर 450 के पार पहुचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई । इसके अतिरिक्त ऋषभ तिवारी ने 86 रन, सुमित रुईकर ने 86 रन नाबाद तथा संजित देसाई ने 77 रनों की महत्वपूर्ण पारी तथा टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुचांने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। वहीं गोवा की ओर से मोहित रेडकर तथा दर्शन ने 4-4 विकेट हासिल किए। गोवा ने अपनी पहली पारी में 83.1 ओवरों में 10 विकेट खोकर 261 रन बनाये। गोवा की ओर से दीपराज ने 53 रन तथा अभिनव ने 51 रन बनाये। वहीं छत्तीसगढ की ओर से सुमित रुइकर ने 6 विकेट और शुभम अग्रवाल ने 3 विकेट हासिल किये।

तीसरे दिन की समाप्ति तक छत्तीसगढ़ ने अपनी दूसरी पारी में 45.1 ओवरों में 7 विकेट खोकर 194 रन बना लिये हैं। छत्तीसगढ़ की ओर से पवन परनाते ने 35 रन, भुपेन लालवानी एवं सानिध्य हुरकत ने 34-34 रन बनाये। वहीं गोवा की ओर से अर्जुन तेंदुलकर तथा विजेश प्रभुदेसाई ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। तीसरे दिन की समाप्ति तक छत्तीसगढ़ ने 400 रनों की बढत बना ली है।

### बैडमिन्टन में प्रगति कॉलेज का दोनों वर्ग में विजय अभियान जारी



**रायपुर।** उच्च शिक्षा विभाग के तत्वावधान में प्रगति विद्यालय द्वारा आयोजित अंतर महाविद्यालयीन सेक्टर स्तरीय बैडमिन्टन स्पर्धा का उद्घाटन बुधवार को प्राचार्य डॉ. सौम्या नैयर ने किया। पुरुष वर्ग के मैच में शंकराचार्य कालेज ने छत्तीसगढ़ कॉलेज को 3-1 से, विप्र कॉलज ने 3-1 से सेंट विंसेंट पैलोटी को, यूटीडी रायपुर ने 3-0 से महंत कॉलेज को, महाराजा अग्रसेन कॉलेज को विवेकानंद कालेज ने 3-0, शासकीय राजीव लोचन कॉलेज राजिम को दुर्गा कॉलेज ने 3-0 से, नेता जी सुभाष कॉलेज अभनपुर ने पीजी कॉलेज भखारा धमतरी को 3-0 से,शासकीय सुखराम पीजी कॉलेज नगरी धमतरी को विज्ञान महाविद्यालय ने 3-2 से, प्रगति कॉलेज रायपुर ने शासकीय श्यामा चरण कॉलेज धरसींवा को हराया। पुरुष वर्ग के दूसरे राउंड के मैच मे यूटीडी ने विप्र कॉलेज को 3-0 से और प्रगति कॉलेज ने शासकीय पीजी कॉलेज धमतरी को 3-0 से हराया। वहीं महिला वर्ग में प्रगति कॉलेज ने 2-1 से शासकीय श्यामा चरण कॉलेज धरसींवां को, शासकीय पीजी धमतरी ने 2-0 से महाराजा अग्रसेन कॉलेज को,शासकीय कन्या कालेज धमतरी को विप्र कॉलेज ने 2-1 से, यूटीडी रायपुर विवेकानंद कॉलेज को 2-1 से, शासकीय विज्ञान महाविद्यालय रायपुर को गुरुकुल कॉलेज ने 2-0 से, शासकीय नवीन कॉलेज को शासकीय दूब महाविद्यालय रायपुर ने 2-0 हराया। महिलाओं के दूसरे राउंड के मैच में गुरुकुल महिला कॉलेज को शासकीय दूब महिला महाविद्यालय ने 2-0 से और प्रगति कॉलेज रायपुर ने 2-0 से शासकीय पीजी कालेज धमतरी को हराया।इस प्रकार पुरुष वर्ग में पिछले तीन सालों से चैम्पियन रहते हुए प्रगति कॉलेज ने अपना विजय अभियान दोनों ही पुरूष एवं महिला वर्ग में कायम रखा है। प्रगति कॉलेज के पुरुष टीम ने लकेश यादव, रूद यादव अमन पटेल आर ए.पी. आशीष ने शानदार प्रदर्शन किया वहीं महिला वर्ग में तान्या मल्लिक, आरती साहित्या और राखी साहू ने अपने खेल का दम खम दिखाया।

### विश्व सॉफ्ट टेनिस चैम्पियनशिप में भारतीय टीम ने जीता ब्रॉन्ज़




**रायपुर।** विश्व सॉफ्ट टेनिस फेडरेशन द्वारा साउथ कोरिया में 1 से 10 सितंबर तक आयोजित 17वी विश्व चैम्पियनशिप में अमेच्योर सॉफ्ट टेनिस फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा भेजे गए भारतीय टीम ने मिक्स डबल्स में ब्रॉन्ज मेडल जीतकर भारत के लिए पहला व्यक्तिगत पदक जीता। भारत की आदया तिवारी एवं जय मीणा ने प्री क्वार्टर फाइनल में थाईलैंड को 4-2, फिलीपींस की टीम को 5-3, क्वार्टर फाइनल में चीन को 5-3 से हराया, सेमीफाइनल में भारतीय टीम कोरिया से 2-5 से हार गई एवं ब्रॉन्ज मेडल से संतोष करना पड़ा। उल्लेखनीय है कि इस टीम के कोच के छत्तीसगढ़ सॉफ्ट टेनिस संघ के महासचिव प्रमोद सिंह ठाकुर को नियुक्त किया गया था। ठाकुर इससे पूर्व भी 2022 में भी हंगझाओ चायना में आयोजित एशियन सॉफ्टटेनिस चेम्पियनशिप में भी भारतीय टीम के प्रशिक्षक के रूप में भाग ले चुके है।

## डायबिटीज नियंत्रण के लिए लाइफस्टाइल और आहार दोनों को ठीक रखना जरूरी

# डायबिटीज के शिकार हैं तो भूलकर भी न करें ऐसी गलतियां, वरना शुगर कंट्रोल करना हो जाएगा मुश्किल

डायबिटीज वैश्विक स्तर पर बढ़ती गंभीर स्वास्थ्य समस्या है। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी उम्र के लोग इसका शिकार हो सकते हैं। यही कारण है कि कम उम्र से इसकी रोकथाम और बचाव को लेकर सावधानी बरतते रहना जरूरी है। डॉक्टर कहते हैं, ब्लड शुगर के स्तर को बढ़ने से रोकने के लिए लाइफस्टाइल और आहार दोनों को ठीक रखना जरूरी माना जाता है। आहार की इसमें विशेष भूमिका होती है। आप क्या खाते हैं और क्या नहीं इसका सीधा असर आपके शुगर के स्तर पर पड़ सकता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, डायबिटीज ऐसी बीमारी है जिसका सही प्रबंधन आपके जीवन की गुणवत्ता को बढ़ा सकता है। इसमें बरती गई किसी भी तरह की लापरवाही से कई अन्य जटिलताएं उत्पन्न हो सकती हैं। जो लोग मधुमेह के शिकार हैं या जिनमें इसका जोखिम हो सकता है उन्हें कुछ बातों को लेकर खास सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है।

### क्या कहते हैं स्वास्थ्य विशेषज्ञ?

लखनऊ स्थित अस्पताल में मधुमेह रोग विशेषज्ञ डॉ अभिषेक अरुण बताते हैं, कई आदतें ऐसी हैं जो डायबिटीज की स्थिति को और खराब कर सकती हैं। ज्यादातर लोग इससे अनजान होते हैं। मधुमेह में क्या नहीं करना चाहिए इस बारे में जानकारी और उपायों का गंभीरता से पालन करना आपको गंभीर खतरों से सुरक्षित रखने के लिए जरूरी है।



### सिर्फ चीनी ही नहीं, ये चीजें भी नुकसानदायक

चीनी से बनी चीजें ब्लड शुगर को तेजी से बढ़ाती हैं। डायबिटीज में मीठी चीजों से परहेज करना जरूरी है। पर सिर्फ इतना ही काफी नहीं है। ज्यादातर लोग अनजान होते हैं कि फास्ट फूड, जैसे बर्गर, पिज्जा, और प्रोसेस्ड स्नैक्स में अत्यधिक मात्रा में वसा और शर्करा होती है, जो शुगर को असामान्य रूप से बढ़ा सकती है। अगर आप इन चीजों का अधिक सेवन करते हैं तो भी मधुमेह का खतरा बढ़ सकता है।





### व्यायाम न करने की आदत नुकसानदायक

शारीरिक गतिविधि की कमी डायबिटीज के प्रबंधन को मुश्किल बना देती है। नियमित व्यायाम से शरीर की इंसुलिन सेंसिटिविटी बढ़ती है और ब्लड शुगर बेहतर तरीके से नियंत्रित होता है। व्यायाम न करना डायबिटीज की जटिलताओं को बढ़ा सकती है। आपको डायबिटीज हो या न हो फिर भी नियमित रूप से 30 मिनट व्यायाम की आदत जरूर बनाएं। व्यायाम से वजन भी कंट्रोल रहता है। अधिक वजन होने से मधुमेह का जोखिम भी बढ़ जाता है।

### ज्यादा स्ट्रेस (तनाव) ठीक नहीं

अत्यधिक तनाव लेने की आदत भी डायबिटीज रोगियों के लिए नुकसानदायक है, इससे भी ब्लड शुगर बढ़ सकता है। तनाव की स्थिति में शरीर में स्ट्रेस हार्मोन (कॉर्टिसोल) का स्तर बढ़ जाता है, जो इंसुलिन की प्रभावशीलता को कम करता है। इसलिए तनाव कम करने के उपाय जैसे योग, ध्यान, और सही नींद लेना महत्वपूर्ण है। अच्छी और पर्याप्त नींद तनाव और डायबिटीज दोनों को कंट्रोल रखने का तरीका हो सकती है।



# क्या घर पर ही किया जा सकता है गणपति विसर्जन

गणेश चतुर्थी से लेकर गणपति विसर्जन तक का समय बप्पा को समर्पित होता है और भक्त उनकी भक्ति में डूबे रहते हैं। इस दौरान पूजा करने के कुछ नियम हैं जिनका पालन जरूरी है। परंपरागत रूप से गणपति विसर्जन नदियों, तालाब या समुद्र में किया जाता है। लेकिन कई बार भक्तों के मन में यह सवाल भी आता है कि क्या हम गणपति विसर्जन घर में भी कर सकते हैं। इसके बारे में विस्तार से जानने के लिए हमने ज्योतिर्विद पंडित रमेश भोजराज द्विवेदी से बात की। आइए आपको बताते हैं इस बारे में विस्तार से। धार्मिक दृष्टिकोण की बात करें तो आप अपने घर पर भी गणपति विसर्जन कर सकते हैं और ऐसे किसी भी काम की ज्योतिष में



मनाही नहीं होती है। हालांकि आपको विसर्जन करते समय भी कुछ विशेष नियमों का पालन करना चाहिए, जिससे कोई भी नकारात्मक प्रभाव न पड़ें। परंपरागत रूप से, गणपति की मूर्ति को प्राकृतिक जलाशय में विसर्जित किया जाता है, लेकिन पर्यावरण प्रदूषण और शहरी क्षेत्रों में जगह की कमी जैसी कई आधुनिक चुनौतियों को देखते हुए, घर पर गणपति विसर्जन करना एक आम बात बन गई है। इसे धार्मिक और ज्योतिषीय दोनों ही क्षेत्रों में उचित माना जाता है, लेकिन इस अनुष्ठान को बहुत ही भक्ति और पवित्रता के साथ किया जाना चाहिए।




### गुरुवार के लिए आपका लकी नंबर और शुभ रंग

अंकों का ज्योतिषीय तथ्यों के साथ मेल करके व्यक्ति के भविष्य की जानकारी देना ही अंक ज्योतिष कहलाती है। उदाहरण के लिए समझिए यदि किसी व्यक्ति का जन्म 23 सितंबर को हुआ है तो उसकी जन्म तारीख के अंकों का योग 2+3=5 आता है। यानि 5 उस व्यक्ति का मूलांक कहा जाएगा। अगर किसी की जन्मतिथि दो अंकों यानी 11 है तो उसका मूलांक 1+1= 2 होगा। वहीं जन्म तिथि, जन्म माह और जन्म वर्ष का कुल योग भाग्यांक कहलाता है। जैसे अगर किसी का जन्म 22-04-1996 को हुआ है तो इन सभी अंकों के योग को भाग्यांक कहा जाता है। 2+2+0+4+1+9+9+6=33=6 यानी उसका भाग्यांक 6 है।

**अंक 1:** हाल में मिली सफलता या आमदनी के नए स्रोत के माध्यम से धन मिलेगा। इस धन का सोच समझ कर प्रयोग करें। अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना महत्वपूर्ण है। डॉक्टर में पास जाना भी आवश्यक हो सकता है। शुभ अंक- 21 शुभ रंग- नारंगी

**अंक 2 :** सामाजिक कार्यों का आनंद लें लेकिन एकांत और आत्मनिरीक्षण के लिए समय निकालें। सहानुभूति, उत्साह और देखभाल ऐसे तीन शब्द हैं जो आज आपके दिल को छू लेंगे। यात्रा और नए संबंध बनने का योग हैं। शुभ अंक-11 शुभ रंग- भूरा

**अंक 3:** घर की मरम्मत और नवीनीकरण अभी आपको एक जुए की तरह लग सकते हैं। खर्च करते समय सावधानी बरते। परिवार के सदस्य, शायद आपके माता-पिता या दादा-दादी को आपकी सहायता की आवश्यकता पड़ सकती हैं। शुभ अंक- 19 शुभ रंग- हरा

**अंक 4:** घर पर होने से आपकी रचनात्मकता बढ़ेगी और आपको शांति मिलेगी। खुशियां आपके पास आ रही हैं और अब आप कई गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं। नए संबंधों के बनने का योग है। शुभ अंक-23 शुभ रंग- पीला


**अंक 5 :** अभी आपको एक छोटी यात्रा की आवश्यकता हो सकती है। छोटा भाई आपकी परेशानी का कारण बनेगा। अगर आप अपनी चिंताओं के बारे में लोगों को बताते हैं या शेयर करते हैं तो आप शांत महसूस करेंगे। शुभ अंक- 9 शुभ रंग- केसरिया

**अंक 6 :** साहसी बनें और अपने उन विचारों को साझा करें जिन्हे आप गुप्त रखते थे। प्रेम और गर्मजोशी के कारण आज आपका दिन और भी खास होगा। रोमांस और मनोरंजन के भी भरपूर अवसर मिलेंगे। शुभ अंक-16 शुभ रंग- नीला

**अंक 7 :** परिवार को अभी आपकी जरूरत है। सुनिश्चित करें कि आप बात करने और सुनने के लिए तैयार हैं। निजी धन पर नजर रखें। अधिक उदार होने से मौके का फायदा उठाने की आपकी क्षमता सीमित हो सकती है। शुभ अंक- 18, शुभ रंग- ग्रे

**अंक 8 :** प्रियजनों के साथ यात्रा का आनंद लें। संगीत और भोजन आपको प्रसन्न करेगा। स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं आज आपको परेशानी में डाल सकती है किन्तु अपने परिवार और प्रियजनों के साथ बिताया समय ऊर्जा का काम करेगा। शुभ अंक-6, शुभ रंग- लाल

**अंक 9 :** आज वातावरण में उत्सव और उत्साह है। दफ्तर और अन्य मामलों को पीछे रख कर परिवार के मामलों में अपना ध्यान केंद्रित करें। कुछ लोग नया घर या नई संपत्ति खरीदने की योजना बना सकते हैं। शुभ अंक-29, शुभ रंग- गुलाबी







































## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'द अप्रेंटिस' का ट्रेलर जारी, राष्ट्रपति चुनाव से पहले देखने को मिलेगी ट्रंप की कहानी



अमेरिका में इन दिनों चुनाव का माहौल है। राष्ट्रपति चुनाव करीब आते जा रहे हैं। इस बार का मुकाबला डेमोक्रेटिक पार्टी की कमला हैरिस और रिपब्लिकन पार्टी के डोनाल्ड ट्रंप के बीच होगा। वैसे तो डोनाल्ड ट्रंप सालभर ही किसी न किसी वजह से चर्चा में रहते हैं, लेकिन इस बार वो एक फिल्म के कारण सुर्खियों में आ गए हैं। फिल्म का नाम है- द अप्रेंटिस, जो ट्रंप के जीवन पर आधारित है। इसका ट्रेलर भी रिलीज हो गया है। 'द अप्रेंटिस' में ट्रंप के शुरूआती व्यावसायिक जीवन की कहानी देखने को मिलेगी। साथ ही उनके जीवन से जुड़ी कुछ विवादित घटनाओं को भी दिखाया जाएगा। ट्रेलर की शुरूआत ट्रंप के एक वकील से मुलाकात करने से होती है। ट्रंप वकील से पूछते हैं कि आप हमेशा कैसे जीत जाते हैं? जवाब में वकील कहता है कि इसके नियम होते हैं। पहला है- हमला, हमला और हमला। दूसरा नियम है- कुछ भी स्वीकार न करें, सब कुछ नकार दें और तीसरा नियम है- चाहे कुछ भी हो जाए, आप जीत का दावा करें और कभी हार न मानें। 'द अप्रेंटिस' का निर्देशन अली अब्बासी ने किया है। इसमें सेबेस्टियन स्टेन ने डोनाल्ड ट्रंप का रोल किया है और जेरेमी स्ट्रॉन्ग ने वकील रॉय कोहन की भूमिका निभाई है। इन दोनों के अलावा मारिया बाकलोवा, बेन सुलिवन, चार्ली कैरिक और मार्टिन डोनोवन ने भी अभिनय किया है, जो क्रमशः इवाना ट्रंप, रसेल एलड्रिज, फ्रेड ट्रंप जूनियर और फ्रेड ट्रंप के किरदार में दिखेंगे। फिल्म की कहानी गेब्रियल शेरमैन ने लिखी है। फिल्म 11 अक्तूबर को रिलीज होगी।

### टॉलीवुड


## 'विदामुयार्ची' और 'गुड बैड अग्ली' की रिलीज पर संकट,हो रही देरी



साउथ सुपरस्टार अजित इन दिनों अपनी दो फिल्मों को लेकर सुर्खियों में छाए हुए हैं। अभिनेता के पास कतार में 'विदामुयार्ची' और 'गुड बैड अग्ली', दो फिल्में हैं और इन दोनों ही फिल्मों का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। हाल ही में 'विदामुयार्ची' के निर्माताओं ने फिल्म के कलाकारों के पोस्टर जारी किए थे। इसके साथ 'गुड बैड अग्ली' का भी पोस्टर जारी हो चुका है। हालांकि, अब इन दोनों फिल्मों से जुड़ी बड़ी जानकारी सामने आई है, जो प्रशंसकों को निराश कर सकती है। अभिनेता अजित कुमार 'विदामुयार्ची' और 'गुड बैड अग्ली' के निर्माण में व्यस्त हैं। विदामुयार्ची का निर्देशन मगिज थिरुमेनी कर रहे हैं और यह फिल्म काफी बड़े बजट पर बन रही है। दूसरी ओर, 'गुड बैड अग्ली' का निर्देशन 'मार्क एंटनी' के मशहूर अभिनेता आदिक रविचंद्रन कर रहे हैं। वहीं अब दोनों फिल्मों की रिलीज को लेकर चर्चा है कि ये दोनों ही फिल्में शायद तय समय पर रिलीज नहीं होंगी। गुड बैड अग्ली के निर्माता पोंगल पर रिलीज की उम्मीद कर रहे हैं, वहीं विदामुयार्ची की टीम इस साल दिवाली के मौके पर फिल्म को सिनेमाघरों में लाने की कोशिश कर रही है। हालांकि, अब फिल्म जगत में ताजा चर्चा यह है कि इन दोनों बड़ी फिल्मों की रिलीज की तारीखों में फेरबदल हो सकता है। खबर है कि विदामुयार्ची को पोंगल सीजन तक के लिए टाल दिया गया है और 'गुड बैड अग्ली' 2025 की गर्मियों में आएगी। हालांकि, अभी तक विदामुयार्ची और गुड बैड अग्ली के निर्माताओं की ओर से कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। यदि यह अफवाह सच साबित हुई तो विदामुयार्ची पोंगल 2025 पर कमल हासन की 'ठग लाइफ' से टकरा सकती है।

### भोजपुरी

## घर बैठे देखिए ऋचा और अंशुमान की भोजपुरी फिल्म 'एक बहू ऐसी भी'



वर्ल्डवाइड फिल्म्स प्रोडक्शन और मैडज मूवीज के बैनर तले बनी फिल्म 'एक बहू ऐसी भी' का वर्ल्ड टीवी प्रीमियर 7 सितंबर, शनिवार को हुआ। फिल्म का प्रसारण भोजपुरी सिनेमा और दंगल एप पर शाम 6 बजे से किया गया। भोजपुरी के दर्शकों ने इस फिल्म को दोबारा अपने परिवार के साथ मिलकर 8 सितंबर को सुबह 10 बजे से भी देखा। इसकी जानकारी फिल्म के निर्माता प्रदीप सिंह, विनय सिंह, समीर आफताब, मोनिका सिंह और प्रतीक सिंह ने दी है। प्रीमियर को लेकर उन्होंने कहा, 'यह हमारे लिए एक गर्व की बात है कि 'एक बहू ऐसी भी' का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर हो रहा है। हम दर्शकों को इस फिल्म के माध्यम से एक सशक्त संदेश देने की कोशिश कर रहे हैं, जो सामाजिक मूल्यों और पारिवारिक रिश्तों को बखूबी दर्शाती है। हमें उम्मीद है कि दर्शक इसे उतना ही पसंद करेंगे, जितनी लगन और मेहनत से हमने इसे बनाया है।' उन्होंने आगे कहा 'भोजपुरी सिनेमा का यह कदम दर्शकों के मनोरंजन के साथ-साथ एक नई दिशा देने की कोशिश है, और हमें विश्वास है कि इस फिल्म को दर्शकों का भरपूर प्यार और समर्थन मिलेगा।'आपको बता दें कि इस फिल्म के निर्देशक प्रवीण कुमार गुडूरी हैं, जो एक से बढ़कर एक पारिवारिक और सामाजिक फिल्मों का सफल निर्माण कर चुके हैं।

### लाइफ स्टाइल



बारिश का फैशन

इन दिनों जैसा मौसम है, उसमें कभी-कभी यह जानना मुश्किल होता है कि बूंदाबांदी या बारिश में क्या पहनना चाहिए। अमेरिका में फैशन डिजाइनरों ने कुछ ऐसे कलेक्शन पेश किए हैं, जिन्हें देखकर आप अंदाज लगा सकते हैं कि ऐसे मौसम में क्या पहनना चाहिए ताकि आप सूखे, गर्म और फिर भी अच्छे दिखें। डिजाइनरों ने कुछ आउटफिट कॉम्बो शेयर किए हैं, जिन्हें आप जल्दी से एक साथ बना सकते हैं।

## बिना रिमूवर के छुड़ानी है नेल पॉलिश तो अपनाएं ये तरीके

कई बार दिक्कत तब सामने आती है जब हम पुरानी नेल पॉलिश हटाना चाहते हैं लेकिन हमारे पास नेल रिमूवर नहीं होता। ऐसे में महिलाएं पुरानी नेल पॉलिश के ऊपर ही नई नेल पॉलिश लगा लेती हैं। ऐसे में आप कुछ घरेलू तरीके इस्तेमाल कर बिना नेल रिमूवर के भी नेल पॉलिश हटा सकते हैं।

**टूथपेस्ट:** जिस तरह से दातों को चमकाने के लिए टूथपेस्ट का इस्तेमाल होता है, ठीक उसी तरह से इसकी मदद से नाखूनों को भी चमका सकते हैं। इसके लिए नाखूनों पर टूथपेस्ट लगाएं और नाखूनों को हल्के ब्रश की मदद से हल्का सा रगड़े। ऐसा करने से नेल पॉलिश छुट जाएगी।

**टूथपेस्ट और बेकिंग सोडा:** अगर आप टूथपेस्ट में बेकिंग सोडा मिलाकर इसे नाखूनों पर लगाएंगी तो इससे भी पुरानी नेल पॉलिश छुट जाएगी।

**गर्म पानी:** अगर आप गर्म पानी की मदद से नेल पॉलिश हटाना चाहते हैं तो इसके लिए थोड़ा सा पानी गर्म कर लें। इसके बाद नाखूनों को 25-30 मिनट तक गर्म पानी में भिगोकर रखें। धीरे-धीरे नेल पेंट अपने आप छूट जाएगी।

**नींबू:** आप गर्म पानी में नींबू का रस मिलाकर भी नेल पॉलिश को छुड़ा सकती हैं। इसकी मदद से आपके नाखून एक दम साफ हो जाएंगे।

**हाइड्रोजन पेरॉक्साइड:** गर्म पानी में हाइड्रोजन पेरॉक्साइड को मिलाकर आप पुरानी नेल पॉलिश को हटा सकते हैं। हाइड्रोजन पेरॉक्साइड में नाखूनों में मिलाने के बाद नेल फाइलर से रब करने पर नेल पॉलिश रिमूव हो जाएगी।



**सिरका:** नेल पॉलिश हटाने के लिए आप सिरके का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए सिरके में नींबू का रस मिलाकर हाथों पर लगाएं और फिर 10 मिनट बाद गर्म पानी से धोने पर नेल पॉलिश अपने आप हट जाएगी।

## खरीदने जा रही हैं कुर्ता तो रखें इन बातों का ध्यान, देखकर लोग करेंगे तारीफ



फैशन

**नई दिल्ली।** हर उम्र की महिला के पास कुर्तों का कलेक्शन तो मिल ही जाता है। महिलाएं कुर्ता पहन कर काफी कंफर्टेबल रहती हैं। इसको खरीदते वक्त आपको कुर्ते के ढेरों पैटर्न, कलर्स, स्टाइल आसानी से मिल जाते हैं। इसे महिलाएं प्लाजो, जींस, स्कर्ट और पैंट के साथ भी कैरी करती हैं। महिलाएं सबसे ज्यादा क्लासिक ए-लाइन कुर्ता से लेकर लेटेस्ट ट्रेंड हाई एंड लो कुर्ता तक में काफी कंफर्टेबल रहती हैं। हर तरीके के कुर्ते बाजार से लेकर ऑनलाइन आसानी से मिल जाते हैं।



कुर्ता खरीदने वाली हर महिला के लिए ये जानना बेहद जरूरी है कि वो कुर्ता खरीदते वक्त क्या देखती हैं। दरअसल, जिस तरह से एक परफेक्ट कुर्ते में आपका लुक निखर सकता है, वहीं दूसरी ओर अगर कुर्ता सही नहीं होगी तो ये आपके लुक को खराब कर सकता है। ऐसे में आज हम आपको कुछ ऐसे टिप्स बताने जा रहे हैं, जिनका ध्यान आपको कुर्ता खरीदते वक्त जरूर रखना चाहिए।

### रखें फैब्रिक का ध्यान

कुर्ता खरीदते समय उसके फैब्रिक पर ध्यान जरूर दें। हमेशा मौसम के हिसाब से ही कुर्ता खरीदना चाहिए। अगर कुर्ते का फैब्रिक ज्यादा हल्का होगा तो ये ज्यादा चलेगा नहीं, वहीं ज्यादा मोटा होने पर ये गर्मी कर सकता है।

### पैटर्न

हर कार्यक्रम के हिसाब से कुर्ते के पैटर्न अलग-अलग आते हैं। अगर आपको स्टेटमेंट लुक चाहिए तो सिंपल ए लाइन कुर्ता ही बेस्ट है पर, जिन महिलाओं को एवरग्रीन लुक चाहिए, वो क्लासिक अनारकली या अंगरखा स्टाइल में से कुछ चुन सकती हैं। ये देखने में काफी क्लासी लगते हैं।

### जरूर देखें लंबाई

कुर्ता खरीदते वक्त इस बात का ध्यान रखें कि आप उसे किसके साथ पहनने वाली हैं। जैसे कि प्लाजो या स्ट्रेट पैंट के साथ लॉंग कुर्ता चल जाता है, सलवार के साथ ये बेहद अजीब लगता है।

### फिटिंग को ना करें इग्नोर

कुर्ते की फिटिंग को इग्नोर करने की गलती ना करें। कुर्ते का डिजाइन चाहे जितना भी अच्छा हो, अगर उसकी फिटिंग खराब होगी तो ये देखने में अजीब लगेगा।

## चेहरे पर हैं पिगमेंटेशन के निशान तो घर पर तैयार करें ये फैसपैक

जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है, वैसे-वैसे शरीर में कई तरह के बदलाव सामने आते हैं। उम्र बढ़ने के अलावा आजकल के खानपान, तनाव और यूवी किरणों की वजह से भी शरीर में कई तरह की परेशानियां सामने आती हैं। इन सबका सबसे ज्यादा असर चेहरे पर ही दिखाई देता है। इसी वजह से चेहरे पिगमेंटेशन, ब्लैक स्पॉट, पिंपल्स दिखाई देने लगते हैं। घरेलू नुस्खे या फिर दवाइयों की मदद से हम इन परेशानियों से तो छुटकारा पा लेते हैं लेकिन परेशानी तब सामने आती है जब ये दिक्कतें तो सही हो जाएं लेकिन इनके दाग चेहरे पर रह जाएं।

आपकी इसी परेशानी को देखते हुए आज के लेख में हम आपको इनसे छुटकारा पाने के तरीके बताने जा रहे हैं। अगर आपके चेहरे पर पिगमेंटेशन के निशान हैं तो घर पर आप इस फेसपैक बनाकर इससे छुटकारा पा सकते हैं। इस पैक को बनाने के लिए आपको ज्यादा कुछ करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।


**बनाने की विधि:** अगर आप ये पैक बनाने जा रही हैं तो सबसे पहले एक बाउल में दो चम्मच दही लेकर उसे फेंट लें। इसके बाद इसमें चावल का पाउडर मिलाकर उसमें मुल्तानी मिट्टी



मिलाएं। एक चुटकी हल्दी, दो बूंद नींबू का रस और शहद मिलाकर इसका पेस्ट तैयार करें। बस आपका फैसपैक तैयार है।

**लगाने की विधि:** इस फेसपैक को लगाने के लिए सबसे पहले अपने चेहरे को अच्छे से धो लें। अब किसी ब्रश की मदद से इस पेस्ट को चेहरे से लेकर गले और गर्दन में अच्छे से लगाएं। पैक लगाने के बाद इसे तकरीबन 20 मिनट तक सूखने दें। जब से सही से सूख जाए तो चेहरे को सादे पानी से साफ करें। ध्यान रखें कि चेहरे को रगड़ें नहीं। चेहरा साफ करने के बाद कॉटन बॉल में कच्चा दूध लेकर चेहरे पर लगाएं।

## अगर छोटी है आपकी आंखें तो ऐसे करें मेकअप



रोजाना की जिंदगी में महिलाएं मेकअप करना काफी पसंद करती हैं। अक्सर आपने देखा होगा कि छोटी आंख वाली महिलाएं मोटा-मोटा आई लाइनर लगा लेती हैं। उन्हें लगता है कि मोटा आई लाइनर लगाने से आंखें बड़ी लगती हैं लेकिन हकीकत में ऐसा नहीं है। अगर आप अपनी आंखों को आकर्षित दिखाना चाहती हैं तो कोशिश करें यह विंग्ड आईलाइनर हो। मोटा आईलाइनर आपके लुक को खराब कर सकता है। अपने ड्रेसअप के हिसाब से ही विंग्ड आई लाइनर लगाएं। ऐसा माना जाता है कि काजल लगाने से आंखें बड़ी लगती हैं, पर अगर आप सही तरीके से काजल नहीं लगाएंगी तो आपका लुक खराब दिखेगा।

इतना ही नहीं ऐसा करने से आपकी आंखें भी अजीब दिखेंगी। अगर आपकी आंखें छोटी हैं तो हमेशा वॉटर लाइन पर ही काजल लगाएं। इससे आपकी आंखें खूबसूरत लगेंगी। आंखों के मेकअप में मस्कारा का काफी अहम रोल होता है। छोटी आंख वाली महिलाएं इसका इस्तेमाल करते वक्त ध्यान रखें कि आप कम मात्रा में ही मस्कारा का इस्तेमाल करें। इसके साथ ही बार-बार मस्कारा का कोट ना लगाएं, इससे पूरा लुक बिगड़ सकता है। अपना आई मेकअप शुरू करने से पहले आई बेस जरूर लगाएं। एक तो इसके इस्तेमाल से आपकी आंखें और ज्यादा खूबसूरत दिखेंगी और साथ में इसकी वजह से आपका मेकअप हाईलाइट होगा।

### कार्नर न्यूज

### सुपर मॉडल रिटायर होने के बावजूद कमा लेते हैं करोड़ों

## करोड़ों में खेलते हैं मॉडलिंग को करियर चुनने वाले फिल्मी सितारों से ज्यादा कमाते हैं कई सुपर मॉडल

*दुनिया की टॉप मॉडलों की कमाई किसी भी फिल्मी सितारे से कहीं ज्यादा होती है। आप यकीन न करें लेकिन मॉडलिंग में करियर बनाने वाले मॉडल आज करोड़ों में खेलते हैं। आंकड़े बताते हैं कि कैंडल जेनर (अमेरिका) की कमाई 2.2 करोड़ डॉलर, गिजेल बुंडचेन (ब्राजील) की 1.75 करोड़ डॉलर, क्रिसी टाइगन (अमेरिका) की 1.35 करोड़ डॉलर, आड्रियाना लीमा (ब्राजील) की 1.05 करोड़ डॉलर, गिगी हैडिड (अमेरिका) की 95 लाख डॉलर, रोजी हनटिंगटन-व्हाइटली (यूके) की 95 लाख डॉलर, कार्ली क्लोस (अमेरिका) की 90 लाख डॉलर, लियु वेन (चीन) की 65 लाख डॉलर, बेला हैडिड (अमेरिका) की 60 लाख डॉलर और एश्ले ग्रैहम (अमेरिका) की कमाई 55 लाख डॉलर है।*



सबसे ज्यादा कमाई सुपर मॉडलों की होती है। गिजेले बुंडचेन ने रिटायर हो जाने के बावजूद 3 करोड़ डॉलर की कमाई कर ली। सामान्य मॉडल भी एक साल में 18,000 से 3,00,000 डॉलर तक की कमाई कर लेती हैं। बड़े डिजायनर तो फैशन शो से करोड़ों कमाते हैं। फैशन उद्योग में अकेले डिजायनरों तक की औसत कमाई साल में करीब 1,00,000 डॉलर है। फैशन उद्योग में पर्दे के पीछे भी बहुत से लोग काम करते हैं। हेयर स्टाइलिस्ट साल में 42,000 डॉलर, मेकअप आर्टिस्ट 60,000 डॉलर तक, ड्रेस स्टाइलिस्ट 69,000 डॉलर तक, फैशन पत्रिकाओं के संपादक 20 लाख डॉलर तक, उनके असिस्टेंट 40,000 डॉलर तक, पत्रकार 78,000 डॉलर तक, फैशन लेबल के पीआर मैनेजर 92,000 डॉलर तक और फोटोग्राफर साल में करीब 62,000 डॉलर तक कमा लेते हैं। बाकी दुनिया की तरह भारतीय फैशन उद्योग भी तेजी से छलांग लगा रहा है।

यहां भी फैशन डिजाइनर्स और मॉडल्स की ऊंची कीमत लगती है। उनमें मनीष मल्होत्रा, तरुण तहिलियानी, रितु बेरी, जे.जे. वालया, रोहित बाल, रितु कुमार, वेंडेल रोड्रीक्स, सब्यसाची मुखर्जी, विक्रम फडनीस, मनीष अरोड़ा, जूही चावला, उर्मिला मातोंडकर, करीना कपूर, दीपिका पादुकोण, आलिया भट्ट, लारा दत्ता, कैटरीना कैफ़, दीया मिर्जा, ईशा गुप्ता, ऐश्वर्या राय, माधुरी दीक्षित, सोनम कपूर, रानी मुखर्जी, प्रीति जिंटा आदि के नाम प्रमुखता से आते हैं। हाल की सुर्खियों में श्रीदेवी की बेटी खुशी कपूर इन दिनो मॉडल की दुनिया में जाने के लिए बेकरार हैं। पैसे और ग्लैमर की चकाचौंध ने इस क्षेत्र में रोजगार की बड़ी संभावनाएं पैदा की हैं।

